卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 227 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦24 मई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत

## प्रसिद्ध गिरिजा मंदिर पर चस्पा हुआ नोटिस

रामनगर(उद संवाददाता)। प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी जमीनों पर अवैध रूप से धार्मिक संरचनाओं के निर्माण को ध्वस्त करने के आदेश के बाद रामनगर से कुछ दूरी पर स्थित लाखों श्रद्धालुओं की आस्था के केन्द्र प्रसिद्ध गिरिजा देवी मंदिर को



भी वन विभाग ने अतिक्रमण की श्रेणी में मानते हुए नोटिस चस्पा कर दिया है। इससे श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश है। वन विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में बुधवार को मंदिर परिसर में स्थित 200 से अधिक प्रसाद विक्रेताओं ने अपनी दुकानों को बंद कर सरकार के फैसले का विरोध किया। बता दें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेश के बाद पूरे प्रदेश में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद वन विभाग, सिचाई विभाग, लोक निर्माण(शेष पृष्ठ सात पर)

## गरीबों को हटाने के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग

रामनगर (उद संवाददाता)। अतिक्रमण के नाम पर गरीबों को उजाड़े जाने के विरोध में बुधवार को सैकड़ों







ग्रामीणों ने सरकार के फैसले के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध किया। वहीं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भी हल्लाबोल में भाग लेकर पीड़ितों को अपना समर्थन दिया। प्रदर्शनकारियों ने रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट के कार्यालय पहुंच कर अपना विरोध दर्ज कराया। विधायक कार्यालय के बाहर मौजूद भारी पुलिस बल ने एक भी प्रदर्शनकारी को कार्यालय के अंदर नहीं घुसने दिया। बता दें कि सरकार द्वारा सरकारी जमीनों पर अवैध अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं जिसको लेकर कई विभागों द्वारा सरकारी जमीन को खाली कराने को लेकर उसमें कब्जा कर बैठे लोगों को नोटिस देकर घर खाली करने की चेतावनी दी गई है। सरकार के इस आदेश का लगातार पीड़ित विरोध कर रहे हैं। इसी को लेकर बुधवार को सैकड़ों लोगों ने सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। भारी संख्या में मौजूद ग्रामीणों ने विधायक के कार्यालय के बाहर सड़क पर बैठकर नारेबाजी कर सरकार से निर्णय (शेष पृष्ठ सात पर)

## अंधड़ ने मचाई तबाही ,अधिवक्ता समेत तीन की मौत

देहरादून/हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मौसम विभाग का अलर्ट सही साबित हुआ। पहले ही आंधी-तूफान





का अलर्ट जारी कर दिया गया था। मिजाज ऐसा बिगड़ा कि जगह-जगह पेड़ गिरने लगे। प्रदेश में अधिवक्ता समेत तीन लोगों की मौत हो गई। ज्वालापुर में कटहरा बाजार में अंसारी मार्केट में करीब 100 वर्ष पुराना पीपल का पेड़ रात साढ़े नौ बजे अचानक गिर गया। दो घंटे के रेस्क्यू में इरफान, समीर और हर्ष को निकाल लिया गया। इरफान गंभीर है, उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। वहीं, मौके से लापता 10 वर्षीय मुनीर रात करीब पौने एक बजे मलबे में दबा मिला। अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। हरिद्वार में ही कोतवाली क्षेत्र स्थित चमगादड़ टापू में भी एक पेड़ गिर गया। इसकी चपेट में आने से सोनीपत निवासी योगेश की मौत हो गई। मौसम विभाग के मुताबिक आज 24 मई को राज्य के जनपदों में गर्जन के साथ कहीं कहीं तीव्र बौछार होने , ओलावृष्टि वज्रपात और 30 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। जिसको लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है वहीं राज्य के पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले में कहीं-कहीं भारी बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात की संभावना है जिसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक 26 मई को राज्य के जनपदों में गरज चमक के साथ बारिश ओलावृष्टि और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है जिसको (शेष पृष्ठ 7 पर)

## मुख्यमंत्री धामी से मिले अभिनेता अक्षय कुमार

देहरादून(उद संवाददाता)। वॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता अक्षय कुमार ने मंगलवार रात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की। इस दौरान दोनों के मध्य



उत्तराखंड को नए फिल्म इंडस्ट्री हब के रूप में विकसित किए जाने पर चर्चा हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड दिन-प्रतिदिन फिल्म इंडस्ट्री के लिए एक नए शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है। सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड का नैसर्गिक सौंदर्य फिल्मांकन के लिए लोगों को आकर्षित कर रहा है। राज्य सरकार भी उत्तराखंड को एक (शेष पृष्ठ सात पर)

## लाखों का माल लेकर फरार वाहन चालक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस सिडकुल स्थित एक कम्पनी से लाखों रूपये कीमत का माल लेकर फरार हुए वाहन चालक को पुलिस ने माल सहित गिरफ्तार कर लिया है। मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि 22 मई को राकेश कुमार पुत्र प्यार चन्द प्रबन्धक एपीजे इन्वेस्टमेंट प्रालि सिडकुल पन्तनगर ने रपट दर्ज कराई थी कि 20 मई को कम्पनी से 183415 रूपये कीमत का कच्चा माल लेकर परिहार लॉजिस्टिक का ड्राईवर उत्तम कुमार पुत्र



भाई सिंह सागर निवासी रविन्द्र नगर ट्राजिट कैम्प छोटा हाथी वाहन संख्या यूके 06 सीए 7463 में लोड कर गया था। वह माल व वाहन को लेकर फरार हो गया। पुलिस द्वारा फरार अभियुक्त उत्तम कुमार को ट्राजिट कैम्प क्षेत्रान्तर्गत दिनेश सिंह की कबाड़ की दुकान से छोटा हाथी व चोरी के लगभग 90 प्रतिशत माल के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उत्तम कुमार ने अपने अन्य साथी दिनेश सिंह कबाडी के साथ चोरी करना बताया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार (शेष पृष्ठ 7 पर)

## रुद्रपुर में खुला सीओ एसटीएफ साईबर कार्यालय

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल चौक मटकोटा फार्म में आज प्रातः सीओ एसटीएफ साईबर कार्यालय का शुभारम्भ किया गया। जिसका उद्घघाटन एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल एवं जनपद के एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। श्री अग्रवाल ने




कहा कि कुमांऊ क्षेत्र में जिस प्रकार से साईबर अपराधों में तेजी से वृद्धि हो रही है उसे देखते हुए एसटीएफ साईबर के अधिकारियों की जिम्मेवारी और भी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि इस कार्यालय में अधिकारियों को बेहतर कार्य के लिए कई सुविधायें प्रदान की गई हैं। वहीं फरियाद लेकर आने वाले लोगों को भी मदद मिलेगी। प्रदेश में बढ़ते साईबर व अन्य अपराधों के चलते एसटीएफ के आधुनिकीकरण करने की भी कोशिश की जा रही है। ताकि बेहतर संसाधनों से लैस होकर मामलों का खुलासा किया जा सके। श्री अग्रवाल ने बताया के एसटीएफ टीम ने कई बढ़े मामलों का खुलासा भी किया है। वन्य जीव व ड्रग के अवैध धंधे में लिप्त लोगों को सलाखों के पीछे धकेला है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कहा कि प्रदेश में पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)

## रुद्रपुर की बेटी गरिमा ने हौंसले से छू लिया आसमान

### प्रथम प्रयास में सिविल सेवा में 39 वी रैंक प्राप्त करने वाली गरिमा का लक्ष्य था अर्जुन समान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। लक्ष्य यदि अर्जुन जैसा हो तो परिणाम भी अर्जुन के तीर के समान ही होता है। सिविल सेवा में 39 वीं रैंक प्राप्त करने वाली आरएएन स्कूल की छात्रा रही गरिमा नरूला की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। हाई स्कूल में ही सिविल सेवा में जाने का मन बना चुकी गरिमा का लक्ष्य तब और मजबूत हो गया जब उसने सीबीएसई की इंटर परीक्षा में उधम सिंह नगर टॉप कर सबको चौंका दिया। अपनी मेहनत से अपने लक्ष्य के करीब पहुंच रही गरिमा शुरू से ही मेधावी है। गरिमा नरूला ने इंटर में जिला टॉप करने के बाद स्पष्ट रूप से सिविल सेवा में जाने के अपने लक्ष्य को उजागर किया। 2017 में इंटर टॉप करने के दौरान उन्होंने उत्तरांचल दर्पण के साथ साक्षात्कार में कहा था कि उसका इरादा सिविल सेवा में जाकर समाज की सेवा करने का है। अपने इस लक्ष्य पर गरिमा ने फोकस किया और कड़ी मेहनत और लगन के दम पर परिणाम सबके सामने हैं। रूद्रपुर की इस बेटी ने



आईएएस बनना चाहती है गरिमा






न सिर्फ सिविल सेवा परीक्षा पास की बल्कि देश में 39वीं रैंक लेकर शहर जनपद और प्रदेश का भी नाम रोशन किया है। जहां इस परीक्षा में सफलता में लोगों को कई वर्ष बीत जाते हैं लेकिन होनहार गरिमा ने पहले ही प्रयास में सिविल सेवा की परीक्षा पास करके माता पिता का गौरव बढ़ाया है। गरिमा के पिता विपिन नरूला प्राईवेट नौकरी करते हैं जबकि मां शारदा नरूला साधारण ग्रहिणी के साथ ही एक म्यूजिक टीचर भी हैं। माता पिता ने बेटी के सपने (शेष पृष्ठ सात पर)

# पहाड़ की पांच होनहार बेटियां आईएएस बनकर करेंगी देश सेवा

## बागेश्वर की कल्पना जोशी और नैनीताल की दीक्षिता जोशी ने किया सिविल सेवा परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन
## रूद्रप्रयाग की अंजलि बहुगुणा,कंचन डिमरी,चमोली की मुद्रा गैरोला ने भी किया प्रदेश का नाम रोशन



रूद्रपुर/देहरादून/नैनीताल(उद संवाददाता)। सिविल सेवा परीक्षा 2022 का परिणाम आने के बाद आईएएस के पद पर चयन के लिए 180 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इस परीक्षा में प्रदेश की एक नहीं बल्कि पांच बेटियों ने सफलता हासिल की है। वही जुडिशल परीक्षा में एक बेटी सफल हुई है। जिसमे उत्तराखंड वासियों में भी खुशी की लहर छा गई है। सीमित संसाधनों और पहाड़ की जटिल चुनौतियों को पार करते हुए पहाड़ की पांच होनहार बेटियों का आईएएस के लिए चयन हुआ है। सबसे बड़ी बात यहां यह है कि पांचों बेटियां साधारण घरों से ताल्लुक रखती हैं। ऊधमसिंह नगर जिले में रुद्रपुर की निवासी सुश्री गरिमा नरूला ने प्रथम प्रयास में ही सिविल सेवा परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश में 39वां स्थान प्राप्त किया है। वहीं जनपद नैनीताल की कालाढूंगी निवासी सुश्री दीक्षिताजोशी ने 58वीं रैंक, जनपद बागेश्वर के खडेरिया गांव निवासी सुश्री कल्पना पांडे ने 102वीं रैंक, चमोली जिले के बांगड़ी गाँव की मुद्रा गैरोला ने 165वीं रैंक एवं जनपद रुद्रप्रयाग के ग्राम स्वीली भरदार की कंचन डिमरी ने रु654वीं रैंक प्राप्त कर सम्पूर्ण प्रदेशवासियों को गौरवान्वित किया है। आईएएस में बागेश्वर की कल्पना पांडे जिसके पिता रमेश चंद्र पांडे गरुड़ बाजार में दुकानदार हैं। रुद्रप्रयाग जखोली की कंचन डिमरी स्वीली गांव की रहने वाली है और उसके पिता दिल्ली में एक प्राइवेट कंपनी में एक बेहद ही सामान्य नौकरी पर हैं। दीक्षिता जोशी हल्द्वानी पीली कोठी में रहती हैं। उनके पिता नैनीताल में फार्मसिस्ट हैं। चमोली की मुद्रा गैरोला कर्णप्रयाग तहसील के बांगडी गांव की रहने वाली हैं। उनके पिताजी रिटायर्ड हैं। इसके अलावा अंजली बहुगुणा जिला जज बनी है। रुद्रप्रयाग के बेंजी गांव की है। रुद्रपुर की ईश्वर कॉलोनी निवासी गरिमा नरूला ने पहले ही प्रयास में आईएएस की परीक्षा में 39 वी रैंक प्राप्त की। इनके पिता बिपिन नरूला एक पैथोलॉजी लैब में प्रबंधक हैं व माता शारदा नरूला गृहणी हैं। गरिमा ने वर्ष 2017 में सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा में उधम सिंह नगर जिला टॉप भी किया था। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में इस बार भी उत्तराखंड के होनहारों ने नाम रोशन किया है। जिसमें से उत्तराखंड के बागेश्वर में गरुड़ निवासी कल्पना पांडे की 102 रैंक आई है। सिविल सेवा परीक्षा में राज्य के कुमाऊं मंडल की होनहार बेटियों ने अपने प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना नाम रोशन किया। बिना कोचिंग लिए तीसरे प्रयास में हल्द्वानी पीलीकोठी निवासी दीक्षिता जोशी ने यूपीएससी परीक्षा में 58वीं रैंक हासिल कर आईएएस अधिकारी बनकर देशभर में प्रदेश और जिले का मान बढ़ाने का काम किया है। दीक्षिता की माता दीपा जोशी पहाड़पानी के खीमराम आर्य राजकीय इंटर कॉलेज में हिंदी विषय की प्रवक्ता है और पिता आईके पांडे नैनीताल बीडी पांडे अस्पताल में फार्मासिस्ट के पद पर तैनात हैं। मूलरूप से पिथौरागढ़ व वर्तमान में दून निवासी हिमांशु सामंत ने परीक्षा में 348वीं रैंक हासिल की है। मसूरी निवासी माधव भारद्वाज ने सिविल सेवा परीक्षा में 536वीं रैंक हासिल की है। इससे पहले उन्होंने यूपीपीसीएस परीक्षा में सफलता अर्जित की थी। वह वर्तमान में शामली में तहसीलदार के पद पर कार्यरत हैं। परीक्षा में दून निवासी मुकुल जमलोकी ने चौथी बार सफलता पाई, उन्होंने 161वीं रैंक हासिल की है। वर्तमान में वे सीएजी कार्यालय कोलकाता में डिप्टी अकाउंटेंट जनरल के पद पर कार्यरत हैं।



## गरिमा को एसएसपी ने किया सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सिविल सेवा परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहले प्रयास में देश में 39वीं रैंक लाने पर रूद्रपुर की बेटी गरिमा नरूला को एसएसपी मंजूनाथ टीसी, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल समेत तमाम लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर सम्मानित किया और उन्हें शुभकामनासं दी। साथ ही उन्हें उच्च कीर्तिमान स्थापित करने हेतू हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें। स्वागत करने वालों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा,संजय ठुकराल, किशन कोली, मुकेश कोली ,राजू गुप्ता, उत्पल दीक्षित सचिन मुंजाल, बंटी कोली आदि लोग भी उपस्थित थे।

## चैस चैंपियनशिप में प्रतियोगियों ने दिखायी प्रतिभा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।दिल्ली पब्लिक स्कूल में ओपन चैस टूर्नामेंट के दूसरे दिन प्रतियोगियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान इंटरनेशनल मास्टर दिनेश कुमार शर्मा (उत्तर प्रदेश ) ने आरोही यादव (उत्तर प्रदेश) को हराकर 2 अंकों पर है । आई एम, एम. चक्रवर्ती रेडी (तेलंगाना) ने वेद प्रकाश (उत्तर प्रदेश) के साथ ड्रॉ खेल कर डेड डेड अंक प्राप्त किए। वूमेन इंटरनैशनल मास्टर तेजस्वी सागर ने हरनिध सिंह को हराकर डेढ़ अंक प्राप्त किए। अर्पण दास (वेस्ट बंगाल) ने प्रखंड त्रिपाठी (उत्तर प्रदेश) को हराकर 2-0 की बढ़त ली द्य रामप्रकाश (पंजाब) ने अशरफ हसन (उत्तर प्रदेश) को हराकर 2-0 की बढ़त ली द्य मोहम्मद इमरान सिद्दीकी (उत्तर प्रदेश) ने सुमित कुमार (हरयाणा)को हराकर 2-0 की बढ़त ली। गोविन्द कुमार (उत्तर प्रदेश) ने मल्लिक ग्रन्थिक (वेस्ट बंगाल) को हराकर 2-० की बढ़त ली। दक्ष गोयल (दिल्ली) ने जीशान अली (उत्तर प्रदेश) के साथ ड्रॉ खेल कर डेड डेड अंक प्राप्त किए। ईटिश कुमार गंगवानी ने रुपेश बी रामचंद्र (बिहार) को हराकर 2-0 की बढ़त ली। आशीष चैधरी (महाराष्ट्र) ने चिन्मय चैहान (दिल्ली) को हराकर 2-0 की बढ़त ली। दे देबौशनिक (वेस्ट बंगाल) ने रविश चैधरी (उत्तराखंड) को हराकर 2-0 की बढ़त ली। एस के राठौर (मध्य प्रदेश) ने दर्श इलवाड़ी (दिल्ली) को हराकर 2-0 की बढ़त ली। सुरेंद्र अरोरा (उत्तर प्रदेश) ने तेजिंदर सिंह (पंजाब) को हराकर 2-0 की बढ़त ली। पियूष कुमार (बिहार) ने सूर्य प्रताप सिंह (मध्य प्रदेश) को हराकर 2-0 की बढ़त ली। निषाद विकास (उत्तर प्रदेश) ने जीवितेश सिंह सेठी (उत्तराखंड) को हराकर 2-0 की बढ़त ली। दिलीप त्रिपाठी (उत्तर प्रदेश) ने ओजस्य सक्सेना (उत्तर प्रदेश) को हराकर 2-0 की बढ़त ली। संजीव मिश्रा (महाराष्ट्र) ने प्रत्युष फुलारा (उत्तराखंड) को हराकर 2-0 की बढ़त ली। मृत्युंजय कुमार (बिहार) ने राडे श्याम (दिल्ली) को हराकर 2-0 की बढ़त ली। कामद मिश्रा (मध्य प्रदेश) ने अरमान सिंह बक्शी (उत्तराखंड) को हराकर 2-0 की बढ़त ली। हिय गर्ग (दिल्ली) ने दीपक राय (दिल्ली) के साथ ड्रॉ खेल कर डेड डेड अंक प्राप्त किए। प्रतियोगिता में उत्तराखंड एवं अन्य प्रदेशों से लगभग 300 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।यह टूर्नामेंट का आयोजन आई ऐ मृत्युंजय सिंह (चीफ ऑर्बिटर), डिप्टी चीफ अमित शर्मा , अरबिटर्स की टीम जिसमे आई ऐ चितरंजन टोरेम , आई ऐ रुपेश कुमार , एस घ्न ऐ मनोध्या प्रकृति, एस घ्न ऐ तोरें सोनाचनु के निर्देशन में हो रहा है। विद्यालय के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और विशेष रूप से सभी प्रतिभागी टीमों का स्वागत करते हुए उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने प्रतियोगिता का आयोजन पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से होने का विश्वास व्यक्त किया।

## प्रदेश की प्रथम सबसे अधिक नेत्रदान करने वाली कालोनी बनी एलायंस

### 80 प्रतिशत लोग मरणोपरांत कर रहे है अपने परिजनों के नेत्रदान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। एलायंस किंग्सटन स्टेट कालोनी उत्तराखंड की पहली सबसे अधिक नेत्रदान करने वाली कालोनी बन गयी हैं। एलायंस किंग्सटन स्टेट कालोनी में लगभग 80% लोग अपने परिजनों के मरणोपरांत नेत्रदान करते हैं जिसकी प्रसंशा पूरे प्रदेश में हर जगह हो रही है। कालोनी के निवासी सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता सोचो डिफरेंट संस्था के संस्थापक विकास भुसरी, संदीप चावला भारत विकास परिषद से सीए हरनाम चौधरी, गुरदीप गाबा, मनीष गगनेजा,सोसायटी अध्यक्ष राज कुमार मुंजाल,संजीव मुंजाल आदि का नेत्रदान जागरूकता में विशेष सहयोग होता है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से नेत्रदान के प्रति जागरूकता के साथ जरूरतमंदों को नया जीवन प्रदान करने की अपील की है।



### सात दिन का अर्जुन बना देश के लिए प्रेरणा स्रोत

गदरपुर। निवासी संदीप चावला संदीप चावला के पुत्र पुत्र दिवंगत अर्जुन चावला जोकि मात्र 7 दिन की उम्र में नेत्रदान कर पूरे देश के लिए प्रेरणा स्रोत बन गया जिसका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में देश के सबसे कम उम्र के नेत्रदाता के नाम से रिकॉर्ड लिखा गया है प्रदेश के तत्कालीन महामहिम राज्यपाल के के पॉल द्वारा दिवंगत अर्जुन के नाम से देहरादून में अर्जुन आई बैंक खोलने का शासनादेश 2015 में जारी किया था जो आज तक नही खुल सका इसी की प्रेरणा से पूरे प्रदेश में नेत्रदान के क्षेत्र में जागरूकता आई है।

## पहाड़ी इलाकों में बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि ,ऑरेंज अलर्ट जारी

देहरादून। उत्तराखंड में मंगलवार को दोपहर बाद मौसम ने करवट बदली। बागेश्वर, उत्तरकाशी और टिहरी में झमाझम बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई। उत्तरकाशी में महेंद्र सिंह की 19 बकरियों, हुकम सिंह की दो और नारायण सिंह की पांच बकरियों की जंगल में बिजली गिरने से मौत हो गई। वहीं मैदानी इलाकों में गर्मी से लोग बेहाल रहे जबकि देर रात बारिश होने से कुछ राहत मिली। वहीं अधी तूफान से आम के फलों को नुकसान पहुंचा है। वहीं मौसम विभाग ने बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। जबकि, 24 और 25 मई को बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आज कहीं-कहीं बारिश व तेज गर्जना, बिजली चमकने के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलेंगी। जबकि, अगले दो दिन प्रदेश में कहीं-कहीं ओलावृष्टि, झक्कड़ और गर्जना के साथ बिजली चमकने की आशंका है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के निदेशक ब्रिकम सिंह ने बताया कि 23 से 26 मई तक के लिए बारिश, गर्जना और बिजली चमकने का अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने लोगों से अलर्ट को देखते हुए सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस ने चारधाम यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। उत्तराखंड पुलिस ने अपने ट्वीटर पर जानकारी देते हुए लिखा है कि कृपया सावधानी बरतें और मौसम के अनुसार ही यात्रा करें। बरसाती, छाता व ऊनी/गर्म वस्त्र साथ में जरुर रखें। मौसम की सूचना चेक करते रहें। मौसम को देखते हुए जिलाधिकारी धीराज सिंह गबर्याल ने कल यानी बुधवार के लिए समस्त स्कूलों के अवकाश घोषित कर दिया है। जिला अधिकारी ने बताया कि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 24 मई को राज्य के जनपदों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ तेज बौछार होने, आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि होने और तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग की ओर से जारी चेतावनी के दृष्टिगत छात्र - छात्राओं की जीवन सुरक्षा को मध्येनजर रखते हुए जनहित में समस्त सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के कक्षा 1 से 12 तक के विद्यालयों सहित समस्त आंगनबाड़ी केन्द्र में बुधवार को अवकाश रहेगा। आदेश का अनुपालन न करने वाले विद्यालयों में यदि प्रबन्धन अथवा प्रधानाचार्य की लापरवाही से कोई घटना घटती है तो उनके खिलाफ आपदा प्रबन्धन अधिनियम, 2005 के सुसंगत धाराओं के अधीन उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रातभर आंधी तूफान और बारिश का कहर,सड़क किनारे पेड़ हुए धराशायी

रूद्रपुर/हल्द्वानी। देर शाम आए तूफान ने जिले भर में कई पेड़ उखाड़ दिए। रामपुर रोड पर मानपुर पश्चिम में चलती कार पर विशालकाय पेड़ गिरने से कार सवार हाईकोर्ट के अधिवक्ता तनुज सेमवाल की मौत हो गई। पेड़ गिरने से शहर में जगह-जगह यातायात प्रभावित रहा। 70 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चले तूफान से बिजली पोल, लाइनें ध्वस्त हो गईं, जिससे बिजली गुल हो गई। मंगलवार शाम तक मौसम सामान्य था लेकिन रात 10.50 बजे आए तूफान से जनजीवन थम गया। पहले धूल का गुबार उड़ा। वहीं ऊधमसिंहनगर जनपद में भी रातभर आंधी तूफान से जनजीवन प्रभावित हो गया वहीं आधी से लोगों के घरो की छते क्षतिग्रस्त हो गई।जबकि बिजली गुल होनेसे लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ा। नैनीताज जिले में बारिश के साथ आई तेज हवाओं से सड़क किनारे सैकड़ों पेड़ धराशायी हो गए। रामपुर रोड पर कार पर विशाल पेड़ गिर गया, जिससे चालक दब गया। पुलिस और स्थानीय लोगों ने दो घंटे से अधिक समय तक उसे निकालने का भरसक प्रयास किया लेकिन जब चालक को निकाला गया, तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। इधर, तूफान से जिले के हल्द्वानी, लालकुआं, नैनीताल, भीमताल समेत जिले के अधिकतर इलाकों में बिजली आपूर्ति गुल हो गई। लोगों ने अपने घर के खिड़की-दरवाजे बंद कर दिए। राहगीर कोई सुरक्षित स्थान ढूंढते रहे। वाहन चालकों ने वाहन को एक किनारे खड़ा कर दिया। करीब तीन घंटे की बाद जब तूफान थमा तब जाकर लोग अपने घरों को रवाना हुए। कई इलाकों में बिजली गिरने से व्यापक नुकसान होने की आशंका है। जिले में नुकसान का सही-सही पता नहीं चल पाया है। इधर, नैनीताल में भी तेज आंधी के साथ ओलावृष्टि हुई और बिजली आपूर्ति ठप हो गई। पेड़ों के गिरने से हल्द्वानी में बरेली रोड, रामपुर रोड, नैनीताल रोड, कालाढूंगी रोड समेत तमाम सड़कें अवरुद्ध होने से यातायात बाधित हो गया। थोड़ी देर के बाद ही बारिश भी शुरू हो गई। हालांकि आंधी की रफ्तार में कोई कमी नहीं आई। मध्यरात्रि तक मौसम पूरी तरह से बदला रहा। तेज हवाएं और बारिश का दौर जारी रहा। मौसम विभाग देहरादून में खराब मौसम को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी कर रखा है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ की वजह से तेज आंधी आई।

# परिजनों से मारपीट व लूट के मामले में चार गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा स्थित महिला के घर में घुसकर तोड़-फोड़ कर महिला व उसके परिजनों के साथ मारपीट करने वाले 4 अभियुक्तो को 24 घंटे के अंतराल में थाना बनभूलपुरा पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि 22



मई को राजकली पत्नी श्रीचन्द्र केसरवानी निवासी इन्द्रानगर नूरी मस्जिद, बनभूलपुरा ने थाना वनभूलपुरा में आकर तहरीर दी कि 21 मई को कुछ लोगों द्वारा उसके घर में घुसकर स्वयं व उसके तीनों बेटों के साथ मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी दी गई व नगदी व जेवर लूट लिए गए। आसपास के लोगों द्वारा जब बीच-बचाव किया गया तो उनके साथ भी मारपीट की गई। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा उसकी दुकान में तोडफोड इत्यादि भी की गई। मारपीट की घटना में उसके बेटो को गंभीर रूप से चोटे आई है। घटना के दौरान उक्त लोगों में से कुछ जिनके नाम अरबाज, इसरान साहरुख, इसरार, शाहरुख खान पुत्र साजिद को नाम से जानने तथा उक्त लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में विवेचक उनि संजीत कुमार राठोड़ द्वारा का. हरीश रावत, मो. अतहर व लक्ष्मण राम के साथ कार्यवाही करते हुए राजकली के घर में घुसकर घर में तोड़ फोड़ कर मारपीट करने वाले 4 नामजद अभियुक्त इसरार मोहम्मद पुत्र नूर मोहम्मद निवासी इन्द्रानगर साबरी मस्जिद वार्ड 33, बनभूलपुरा, इमरान पुत्र इसरार मोहम्मद निवासी उपरोक्त, अरबाज खान पुत्र इसरार मोहम्मद निवासी उपरोक्त तथा शाहरूख खान पुत्र साजिद खान निवासी इन्द्रानगर नूरी मस्जिद के पीछे वार्ड 30, बनभूलपुरा को आज दिनांक 23 मई को उनके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया है। घटना शामिल अन्य आरोपीयों की धरपकड़ हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं इस केस में पीड़ित पक्ष द्वारा बाकी लोगों को गिरफ्तार नहीं किए जाने पर रोष व्यक्त किया गया है। उनका कहना है करीब 50 लोगों ने इकट्ठा होकर उनके घर में घुसकर परिजनों पर हमला किया। जिसमें आसपास रहने वाले हमारे रिश्तेदार बचाने आए तो उन लोगों ने उन सब को भी बेरहमी से मारा और अब भी आरोपियों के रिश्तेदा घर के निकट खड़े होकर धमकी दे रहे है। वही बनभूलपुरा थाना अध्यक्ष नीरज भाकुनी का कहना है जल्दी सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा पुलिस टीम लगातार इस केस में गहनता से जांच कर रही है।

# सुशीमा लेबोरेट्री पंतनगर में सिक्स सिग्मा के छात्र-छात्राओं का औद्योगिक भ्रमण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।क्षेत्र के प्रतिष्ठित फार्मेसी संस्थान सिक्स सिग्मा कॉलेज ऑफ डी फार्मेसी रुद्रपुर के प्रथम वर्ष के फार्मेसी के छात्रों ने सुशीमा लेबोरेट्री, पंतनगर में औद्योगिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का आयोजन रजत धवन (ट्रेनिंग एंड



प्लेसमेंट हेड) द्वारा किया गया। औद्योगिक भ्रमण करने का मुख्य उद्देश्य यह था कि छात्र-छात्राओं को संस्थागत ज्ञान के अतिरिक्त औद्योगिक क्षेत्र की जानकारी भी दी जाए। सुशीमा लेबोरेट्री पशु चिकित्सा में प्रयोग होने वाली दवाइयों का निर्माण करती है। यह कंपनी इंजेक्शन, टेबलेट, सस्पेंशन आदि का निर्माण करती है। छात्रों का औद्योगिक भ्रमण कंपनी के मैनेजर हरिमोहन व क्यू.ए. हेड श्री सीताराम द्वारा कराया गया जिसमे उन्होंने प्रोडक्शन विभाग, पैकेजिंग एवं मशीनों के प्रयोग के बारे में जानकारी दी और अनेक प्रकार की दवाईयों को बनाने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया। उन्होंने छात्र -छात्राओं को अनेक प्रकार के टेबलेट, सस्पेंशन के पैकिंग के तरीके बताये और साथ ही साथ दवाइयों के उपयोग एवं उससे सम्बंधित जानकारी दी।इस भ्रमण से सभी छात्र बहुत उत्साहित हुए और उनमे भी हर्षोउल्लास की लहर दौड़ गयी।औद्योगिक भ्रमण के लिए डॉ. विजय सिंह ने सभी छात्र छात्राओं को प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं के भ्रमण का सम्पूर्ण कार्यक्रम संस्थान की शिक्षिका सुश्री रिचा तिवारी के निर्देशन में हुआ। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डावर, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा मैनेजमेंट मेंबर वंश डाबर, प्रधानाचार्य डॉ. विजय सिंह एवं संस्थान के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी।

# लापता लागों की गुमशुदगी दर्ज

काशीपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति तथा एक युवती बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताए जा रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों ही मामलों में गुमशुदगी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। पहली घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मानपुर निवासी रवि कुमार ने बताया कि उसके 58 वर्षीय





पिता महेश चंद्र पुत्र खान चंद्र बीते 21 मई की सुबह लगभग 8:00 बजे मामूली बात पर नाराज होकर घर से कहीं चले गए जिनका अब तक कहीं कोई पता नहीं चल सका है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसके द्वारा तमाम संभावित स्थानों पर पिता की तलाश भी किया लेकिन उनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। इसी तरह गुमशुदगी के एक अन्य मामले में शिवनगर ढकिया निवासी अभिषेक पुत्र अनिल कुमार ने बताया कि उसकी 21 वर्षीय बहन निशा बीते 22 मई को अपराह्न लगभग 2:30 बजे कुंडेश्वरी बैंक के काम से बाहर गई थी लेकिन अब तक वापस घर नहीं लौटी। दोनों ही मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब लोगों का पता लगाना शुरू किया है।

# स्मैक सहित महिला गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। एसएसपी के निर्देश पर नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महतोष तिराहे से नवाबगंज को जाने वाले रास्ते पर 150 कदम दूरी पर बाई ओर एक महिला सुनीता



आर्या पत्नी महेश सिंह निवासी वार्ड न0-36 दमुआढुंगा काठगोदाम को गिरफ्तार कर लिया उसके कब्जे से एक प्लास्टिक की पारदर्शी पन्नी में 10 कागज के मुडे हुए पन्नों के अदर पुडियाओ मे लगभग 8.25 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गयी। बरामदगी के आधार पर थाना गदरपुर मे उसके खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय,उपनिरीक्षक ओमप्रकाश,कांस्टेबल नवीन कन्याल,दीपक जोशी, महिला कांस्टेबल पार्वती गोस्वामी आदि शामिल थे।

# अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर छात्रों ने लिया संकल्प

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। शक्तिफार्म क्षेत्र में स्थित सिंटेक्स इंग्लिश क्लासेस में 'इंटरनेशनल डे फॉर बायोलॉजिकल डाइवर्सिटी' दिवस मनाया गया। विश्व जैववैविध्य दिवस या विश्व जैववैविध्य संरक्षण दिवस अन्तर्राष्ट्रीय पर्व है। इस अवसर पर संस्था अध्यापक सुजीत सर, पीएचडी स्कॉलर (अंग्रेजी विशेषज्ञ) ने छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा कि 'सभी जीवन के लिए एक साझा





भविष्य का निर्माण' जैविक विविधता के लिए 2022 अंतर्राष्ट्रीय दिवस का विषय है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने चित्र बनाते हुए अपना प्रदर्शन दिखाया। हाईस्कूल के छात्रों में जय व्यापारी ने बायोलॉजिकल डायवर्सिटी थीम पर एक विशेष चार्ट प्रस्तुत किया। सभी छात्रों ने प्रकृति व वन्य जीव को बचाने की प्रतिज्ञा ली।

# ग्राम क्यारी में चलाया नेचर जनजागरूकता अभियान

रामनगर (उद संवाददाता)।विश्व जैव विविधता दिवस के उपलक्ष मे ग्राम क्यारी में बिड़ला विद्या निकेतन के विद्यार्थियों के साथ जैव विविधता पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसका विषय पर्यावरण संरक्षण एव जन चेतना था। जिसमें 102 स्कूली बच्चों ने प्रकृति सरंक्षण के गुर सीखे। कार्यशाला में एडवेंचर वाइल्ड कॉर्बेट (विनोद बुधानी) ने अपना अनुभव, सरंक्षण की परंपरा और जिम्मेदार मानव व्यवहार पर चर्चा की। कार्यशाला में क्यारी के नेचर प्रेमियों द्वारा पर्यावरण सखीयों ने ठोस अपसिस्ट कचरा नियंत्रण व रखरखाव पर विचार साझा कर ग्राम क्यारी के आसपास व वन छेत्र व गांव में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दिवस को संपन्न बनाने में तराई वन प्रभाग (बैलपराव रेंज) के वन दरोगा बद्री दत्त भट्ट जी वन रक्षक कल्याण सिंह मेहरा, हरीश आर्या, रामनगर वन प्रभाग की देचोरी रेंज की टीम, कुमाऊं माटी फाउंडेशन, व ग्राम प्रधान नवीन सती ने भरपूर सहयोग किया उसके बाद ग्राम प्रधान नेचर प्रेमियों द्वारा बच्चो को प्रमाण पत्र वितरण भी किए गए। टीम विल्डिग गेम भी कराए गए।इन स्कूल बच्चो को क्यारी में लाने में अहम सहयोग ट्रिप प्लानर इंडिया नई दिल्ली का विशेष सहयोग मिला।



एडवेंचर वाइल्ड के संचालक विनोद बुधानी ने बताया कि बच्चो को नेचर के प्रति जागरूक करना बहुत जरूरी है क्योंकि बच्चे युवा पीढ़ी बुजर्गो के बीच की कुंजी है। बच्चो को नेचर सफाई के साथ साथ बच्चो को एडवेंचर एक्टिविटी, नेचर वॉक, इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एडवेंचर वाइल्ड कॉर्बेट के संचालक विनोद बुधानी व नेचर प्रेमी टीम बलवंत बिष्ट, मनीष सती, योगी बोहरा, निहाल सिंह, पंकज बोहरा, नीरज सती, कैलाश सती, हिमांशु तिवाड़ी, विजय पवार का विशेष योगदान प्राप्त हुआ।

# सड़कों पर आवारा पशुओं की भरमार से राहगीरों का चलना दूभर

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। नगर में लावारिस पशुओं की बढ़ती संख्या के कारण सड़क पर राहगीरों का चलना दूभर हो गया है। हालात यह है कि आए दिन इन लावारिस पशुओं के सड़क पर विचरण किए जाने के चलते दुर्घटनाएं हो रही हैं वही इन पशुओं की आपसी झड़प के चलते, अब तक कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो चुके है। बावजूद भी इस से निजात दिलाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई। सिडकुल मार्ग निर्माण के बाद नगर समेत टैगोर नगर एवं रुदपुर तक, सड़क पर काफी भीड़भाड़ रहती है। ऐसे में वर्तमान समय दर्जनों की तादाद में इन मुख्य मार्ग पर लावारिस पशुओं का विचरण करना, सड़क पर चलने वाले राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। मुख्य रूप से बस स्टैंड से लेकर सुभाष चौक एवं टैगोर नगर मार्ग पर इन लावारिस आवारा पशुओं का आतंक बना रहता है। लावारिस आवारा पशुओं के कारण सड़कों पर आए दिन दुर्घटना होना आम है। पशुओं के कारण नगर के व्यापारियों के साथ-साथ, सब्जी विक्रेताओं को भी काफी परेशानियों का



सामना करना पड़ रहा है। बावजूद इसके इन लावारिस आवारा पशुओं से निजात दिलाए जाने को लेकर, नगर पंचायत प्रशासन ने अब तक कोई कदम तक नहीं बढ़ाया है। नगर पंचायत प्रशासन पूर्ण रूप से मूकदर्शक बनी हुई है। लगता है की नगर पंचायत प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना होने का इंतजार कर रही हैं। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल का कहना है कि आवारा पशुओं का जमावड़ा होने से आए दिन दुर्घटना हो रही है। वाहन चालकों के साथ- साथ पशुओं को भी जान का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत प्रशासन को इन आवारा पशुओं को किसी गौशाला में स्थानांतरित किया जाना चाहिए।


वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

आवश्यकता है
एक एकाउंटेंट की।
जिसे टेली प्राइम, एक्सल और जीएसटी की जानकारी हो। अनुभवी व्यक्ति को वेतन योग्यता अनुसार।
-संपर्क करें-
गर्व टैक्सटाइल, हरी मंदिर गली, रूद्रपुर
मिलने का समय-सॉय 4 से 6 बजे तक
मो. 9927456927

# महिला समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी का राज्यपाल किया अवलोकन



नैनीताल (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजभवन परिसर में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में नैनीताल जिले के ब्लॉक भीमताल, रामनगर, रामगढ़, हल्द्वानी की महिलाओं ने अपने-अपने उत्पाद प्रदर्शित किए। महिला समूह द्वारा बनाए गए इन उत्पादों का अवलोकन करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की मातृशक्ति बेहद प्रतिभावान होने के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की मिसाल हैं। उन्होंने कहा की महिला स्वयं समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों को लोकल से ग्लोबल तक ले जाने की जरूरत है। इसके लिए उत्पादों में वैल्यू एडिशन के साथ-साथ उत्पादों की पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग पर फोकस करना होगा। कुछ महिलाओं द्वारा अपने उत्पादों को विदेशों में बिक्री किए जाने पर राज्यपाल ने उनकी सराहना की और कहा कि ऐसे समूह अन्य के लिए प्रेरणास्रोत हैं। राज्यपाल ने कहा स्वयं सहायता समूहों को अपनी आय बढ़ाने के प्रयासों के साथ-साथ अन्य महिलाओं को भी अपने समूहों से जोड़ें। राज्यपाल ने महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों वुडन कलाकृतियां, ऐंपण, हैन्डीक्राफ्ट, एलईडी लाइट्स, मसाले, बेकरी उत्पाद, अचार, जैम आदि की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये सभी उत्पाद नैनीताल में आने वाले प्रत्येक पर्यटक खरीदे इस ओर अधिकारियों को कार्य करने की जरूरत है।राज्यपाल ने अधिकारियों से कहा कि स्वयं सहायता समूहों को विभागीय योजनाओं के माध्यम से हरसंभव मदद दी जाए। समूहों को उत्पादों के विपणन के लिए अधिक से अधिक आउटलेट उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने स्वयं सहायता समूह के उत्पादों की ब्रांडिंग के लिए ऑनलाइन मार्केटिंग प्रशिक्षण के निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक परियोजना निदेशक शिल्पी पंत ने जनपद में स्थापित स्वयं सहायता समूहों व ग्राम्य विकास के अन्य योजनाओं की जानकारी राज्यपाल को दी। इस अवसर पर राज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती गुरमीत कौर, ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारीगण तथा विभिन्न क्षेत्रों से आयी स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित थी।

# भारतीय प्रशासनिक सेवा में हुआ कल्पना जोशी का चयन

गरुड़(उद संवाददाता)। बागेश्वर जिले के गरुड़ तहसील के दर्शानी गांव निवासी कल्पना पाण्डे ने लोक सेवा आयोग परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। कल्पना की इस उपलब्धि पर कत्यूर घाटी सहित जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। कल्पना के पिता रमेश चंद्र पाण्डे व्यवसाई व माता मंजू पाण्डे एएनएम के पद पर कार्यरत है।कल्पना की नर्सरी से दसवीं तक की शिक्षा सेंट एडम्स पब्लिक स्कूल गरुड़ व बारहवीं की शिक्षा निर्मला कान्वेंट हल्द्वानी से प्राप्त करने केबाद आगे की



शिक्षा दिल्ली यूनिवर्सिटी से प्राप्त की। कल्पना ने दूसरे प्रयास में ही इस सफलता को प्राप्त किया है। डीयू से आगे की पढ़ाई के दौरान ही उनके द्वारा यूपीएससी में सफलता प्राप्त की है। उनकी उपलब्धि पर ग्राम वासी मोहन चन्द्र जोशी, मथुरा दत्त पाण्डे ,हरीश पाण्डे,एड हाईकोर्ट डीके जोशी,उमेश पाण्डे, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी,भोला दत्त पाण्डे, भुवन पाण्डे, जिपं अध्यक्ष बसंती देव, जिलाधिकारी अनुराधा पाल, कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया, पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष शिव सिह बिष्ट,पूर्व विधायक ललित फर्श्वाण,पूर्व दर्जा राज्यमंत्री गोपाल दत्त भट्ट, घनश्याम जोशी,वरिष्ठ पत्रकार आनन्द बिष्ट, चंद्रशेखर बड़सीला,अनिल पांडे, रमेश पांडेय बृजवासी,एनयूजेआई गरुड़ इकाई अध्यक्ष अखिल आजाद जोशी, महामंत्री दिनेश नेगी, पूरन दोसाद, जिपंसदस्य जनार्दन लोहुमी ,ग्राम प्रधान पाए उमा भट्ट, विनोद भट्ट, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष बबलू नेगी, व्यापार मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी दत्त पाण्डे, सहित अन्य लोगो ने खुशी व्यक्त की है।

# कृति जोशी का यूपीएससी में हुआ चयन

देहरादून(उद संवाददाता)।राज्य की बेटियों ने यूपीएससी परीक्षा में अपना लोहा मनवाया है। राज्य के प्रमुख जानेमाने वरिष्ठ फिजिशियन डॉ.बीडी जोशी व पूर्व में काँग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता रही ममता जोशी की



बेटी कृति जोशी का भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन हुआ है। कृति ने 274 रेंक प्राप्त करके अपने माता, पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया। कृति के डॉ.जोशी मुख्य चिकित्सा अधिकारी बागेश्वर से सेवानिवृत्त होने के उपरांत वर्तमान में लखनपुर स्थित आर्मी केंटीन के सामने सिटी क्लीनिक में अपनी सेवाएं दे रहे है तथा रामनगर- काशीपुर मार्ग स्थित देवस्थली में निवास कर रहे है। डॉ. जोशी ने बताया कि बेटी यूपीएससी परीक्षा में सफलता के लिए रात दिन मेहनत कर रही थी, वही पूर्व में दो बार पहले भी वह परीक्षा की तैयारियां कर चुकी थी, वही तीसरी बार का रिजल्ट जारी होने से पूर्व बेटी ने सफल होने की बात कही थी, परीक्षाफल जारी होते ही रैंकिंग सूची में नाम दिखने से वे गदगद दिखे, कृति की उपलब्धि पर उनके नाना व हल्द्वानी के पूर्व चेयरमैन एंव पूर्व एमएलसी नवीन चन्द्र तिवारी ने भी खुशी व्यक्त की है। कृति जोशी की इस उपलब्धि पर उन्हें व उनके माता-पिता और चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों, विभिन्न जनप्रतिनिधियों व क्षेत्रवासियो ने बधाई देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# स्वरोजगारपरक योजनाओं में सरलता से ऋण वितरित करें: डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत की अध्यक्षता में डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिला समन्वय समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीसीसी/डीएलआरसी) की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने जनपद में बैंकिंग सेवा क्षेत्र का ज्योग्राफिकल विश्लेषण कराने तथा दो हजार से कम आवादी वाले गांवों में बैंकिंग सुविधा की सम्पूर्ण जानकारी एकत्र कराने के निर्देश परियोजना निदेशक को दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि पूरा जिला बैंकिंग क्षेत्र से कवर होना चाहिए। जिन क्षेत्रों में बैंक कॉरस्पोण्डेंट संक्रिय नहीं है,उन्हें संक्रिय किया जाए या बदला जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिये कि सरकार द्वारा संचालित स्वरोजगारपरक योजनाओं में सरलता एवं प्राथमिका से ऋण वितरित किया जाये। ऋण स्वीकृति हेतु बैंकर्स अनावश्यक चक्कर न कटवाएं, स्वरोजगार हेतु युवाओं को प्रोत्साहित करने का कार्य किया जाए, हतोत्साहित करने का कार्य न किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स को स्पष्ट निर्देश दिये कि ऋण हेतु अनावश्यक चक्कर लगवाने तथा परेशान करने वाले बैंकों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पीएम स्वनिधि के अन्तर्गत प्राथमिकता से ऋण उपलब्ध कराया जाये तथा नई गाइड लाइन के



अनुसार कार्य किया जाये। जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स को प्राप्त आवेदन पत्रों का समय से निस्तारण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वरोजगार हेतु ऋण उपलब्ध कराने में अच्छा कार्य करने वाले बैंकर्स को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने नाबार्ड के अन्तगत चल रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान जनपद में 500 वर्ग मीटर के पॉलीहाउस निर्माण हेतु पात्रों का चयन करने के लिए प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराने तथा प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों की छटनी हेतु समिति का गठन करने के निर्देश उद्यान विभाग के अधिकारियों को दिये। एलडीएम एसएस जंगपांगी ने बताया कि जनपद का ऋण जमानुपात 94.5 प्रतिशत है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 12825 नए किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किये गये तथा 89650 किसान क्रेडिट कार्डो का नवीनीकरण किया गया। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी ग्राम पंचायतों की ग्राम सभाओं में बैंकिंग सेवायें बिजनेस कॉरस्पोण्डेंट एवं बैंक शाखाओं द्वारा उपलब्ध कराई जा रही हैं उन्होंने बताया कि जनपद में 951 बिजनेस कॉरस्पोण्डेंट संक्रिय हैं। इस अवसर पर परियोना प्रबन्धक स्वजल हिमांशु जोशी, लीड बैंक अधिकारी एसएस जंगपांगी, उप महाप्रबन्धक नावार्ड राजीव प्रियदर्शी, जिला पंचायतराज अधिकारी आरसी त्रिपाठी, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी पीके गौतम, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, सहित सम्बन्धित बैंको के शाखा प्रबन्धक आदि उपस्थित थे।

# ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज में वाद विवाद प्रतियोगिता हुई सम्पन्न

काशीपुर(उद संवाददाता)। ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज में एक बार फिर बच्चों की प्रतिभाओं को उजागर करने एवं उनके अंदर बोलने और सोचने समझने की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए डिपार्टमेंट ऑफ मास कम्युनिकेशन द्वारा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । आपको बता दें कि यह वाद विवाद प्रतियोगिता ष्सेंसरशिप इन ओटीटी प्लेटफॉर्म्स शुड बी मैंडेटरीष के मुद्दे पर आयोजित की गई। इस दौरान दोनों ही प्रतियोगी टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया । पक्ष की टीम से ध्वनि एवं विपक्षी टीम से आदित्य



को बेस्ट स्पीकर का खिताब मिला । वही मनरूप को द्वितीय एवं कशिश को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ । इस कार्यक्रम को लेकर सभी डिपार्टमेंट के बच्चों में खासा उत्साह भी दिखाई दिया । इस दौरान कॉलेज के चेयरमैन संतोष मेहरोत्रा द्वारा बच्चों को अपने जीवन एवं कॉलेज में इस शानदार उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी गई और इस प्रकार की प्रतियोगिताएं जिनसे छात्र छात्राओं के हुनर में एक निखार आता है, लगातार संस्थान में प्राथमिकता के तौर पर करवाते रहने की बात कही । कार्यक्रम के दौरान कॉलेज सचिव शिवानी मेहरोत्रा, इंस्टीट्यूशनल हेड प्रतिमा सिंह, डायरेक्टर एकेडमिक्स मनोज मिश्रा , सतीश कांडपाल सभी अध्यापक गण एवं अन्य छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे ।

# डीएम ने ढूंगापाटली पेयजल योजना का किया निरीक्षण

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारीअनुराधा पाल ने जिला मुख्यालय के समीप ढूंगापाटली का निरीक्षण किया। उन्होंने पेयजल योजना के नियमित रख रखाव व टैंक में नियमित साफ सफाई करने,सहित स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश विभाग को दिए। निरीक्षणके दौरान अधिशासी अभियंता वीके रवि ने योजना में खर्च की गई राशि के साथ ही लाभान्वित परिवारों व टैंक की क्षमता की जानकारी जिलाधिकारी को दी। अधिशासी अभियंता ने बताया कि योजना का निर्माण जल जीवन मिशन



के तहत 21 लाख रूपये की लागत से किया गया है। योजना में प्रत्येक परिवार को मानक के अनुसार संयोजन व पेयजल वितरित करने का प्रयास कर56 परिवारों को लाभान्वित किया गया है, बताया कि स्रोत से मुख्य टैंक तक एक इंच की लाइन बिछाई गई है तथा वितरण प्रणाली से आवश्यकतानुसार पाइप बिछाए गए हैं। बताया कि योजना के लिए विभाग ने 35 लाख का आंगणन बनाकर धन की मांग की थी परंतु इसे 21 लाख में पूर्ण कर लिया गया।जिलाधिकारी ने सभी उपभोक्ताओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए, निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम वीके रवी, सहायक अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग सुनील दताल, जेई चन्द्र प्रकाश, अंजलि आदि मौजूद थे।

# पूर्ति विभाग की छापेमारी से दुकानदारों में हड़कम्प

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों द्वारा गत दिवस ट्रांजिट कैम्प में की गई औचक छापेमारी सें दुकानदारों में हड़कम्प मच गया। इस दौरान टीम ने कुल 25 सिलेण्डर भी जब्त किये। डीएसओ विपिन कुमार ने बताया कि घेरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यावसायिक उपयोग करने की निरंतर मिल रही शिकायतों के मद्देनजर विभागीय टीम द्वारा उनके नेतृत्व में ट्रांजिट कैम्प के अनेक क्षेत्रों में औचक छापेमारी की गई। इस दौरान शिव नगर, शिमला



बहादुर, फुलसुंगा, मुखर्जी नगर, जगतपुरा, आजादनगर, विवेकनगर आदि क्षेत्रों में होटलों, ढ़ाबों व ठेलों आदि में घेरेलू सिलेण्डरों का व्यावसायिक उपयोग होते पकड़ा गया। इस पर टीम ने कुल 25 सिलेण्डरों को अपने कब्जे में ले लिया। जिनमें इण्डेन के दो, भारत कम्पनी के 13 , हिन्दुस्तान कम्पनी के 4 तथा 6 कामर्शियल सिलेण्डर शामिल हैं। कई लोग अपना प्रतिष्ठान बंद कर मौके से भाग गये। पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी ने बताया कि जब्त किये गये सभी गैस सिलेण्डर बोरा गैस इंटरप्राइजेज को सुपुर्दगी में सौंपें गये हैं। टीम में जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार व पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी के साथ पूर्ति निरीक्षक चन्द्रशेखर काण्डपाल व खड़ग सिंह रावत तथा मुन्नालाल शामिल थे। डीएसओ विपिन कुमार ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में बाल विकास शिविर आयोजित

गदरपुर (उद संवाददाता)। सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में पांच दिवसीय बाल विकास शिविर के द्वितीय दिवस का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ थानाध्यक्ष राजेश पांडे, प्रांतीय प्रकल्प संयोजक विनोद चुघ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मंडल कार्यवाह शिवम त्रिपाठी एवं नगर की सुविख्यात स्पीकर मुस्कान चावला द्वारा दीप प्रज्वलन तथा भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पण करके किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगीत वंदे मातरम तथा देश भक्ति गीत ष्देश हमें देता है सब कुछ का पाठ किया गया। थाना अध्यक्ष श्री राजेश पांडे द्वारा साइबर क्राइम्स, ट्रैफिक रुल्स, डोमेस्टिक हिंसा, यौन उत्पीड़न और नशे की प्रवृत्तियों पर विस्तार से चर्चा की गई , इनसे कैसे बचा जाए और पुलिस विभाग द्वारा जारी किए गए टोल फ्री नंबरों के बारे में भी जानकारी दी गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह शिवम त्रिपाठी जी द्वारा बच्चों में राष्ट्रीयता की भावना भरने के लिए ओजस्वी संभाषण दिया गया। मुस्कान चावला द्वारा भारत के संसद भवन के केंद्रीय हॉल में पंडित मदन मोहन मालवीय जी जन्म शताब्दी पर दिए गए संभाषण को बच्चों के साथ शेयर किया गया। प्रांतीय प्रकल्प संयोजक श्री विनोद चुघ जी द्वारा भारत विकास परिषद के कार्यों के संबंध में विस्तार से बताया गया और सभी अतिथियों का धन्यवाद दिया गया। तत्पश्चात इलेक्ट्रॉनिक गैजेटस के



लाभ और हानि विषय पर एक वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई ।जिसमें निर्णायक की भूमिका प्रकल्प संयोजक सतीश बत्रा , उपाध्यक्ष (संस्कार) अमित छाबड़ा और मुस्कान चावला द्वारा निभाई गई और विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया । मंच संचलन प्रांतीय प्रकल्प संयोजक श्री दीपक सुधा जी द्वारा किया गया। अन्त में बच्चो को अल्पाहार वितरित किया गया और राष्ट्रीय गान के साथ शिविर के द्वितीय दिवस का समापन किया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद शाखा गदरपुर के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार गगनेजा , सचिव प्रमोद बजाज जी, महिला संयोजिका श्रीमती ज्योति ग्रोवर, कोषाध्यक्ष संजीव अनेजा, उपाध्यक्ष (सम्पर्क) प्रदीप भुड्डी, डॉ. ललित मलिक, प्रवीण गिलहोत्रा,राकेश चावला गोल्डी, पूर्व महिला संयोजिका श्रीमती मंजु गुम्बर, श्रीमती मीनू मलिक, श्रीमती सपना आहूजा, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के समस्त अध्यापक, अध्यापिकायें एवं सपोर्टिंग स्टाफ ने भी अपनी अहम भूमिका निभा कर कार्यक्रम को सफल बनाने में उत्तम सहयोग किया।

# बाजार और सड़कों पर चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सड़कों पर किसी तरीके का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बात पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र डॉक्टर नीलेश आनंद भरणे द्वारा पुलिस अधीक्षक नगर हरवंश सिंह, पुलिस अध ीक्षक यातायात डॉ जगदीश चंद्र, क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह धोनी, यातायात निरीक्षक राकेश मेहरा, एवं कोतवाली प्रभारी हरेंद्र चौधरी मंगल पड़ाव चौकी इंचार्ज, भोटिया पड़ाव चौकी इंचार्ज के साथ कैंप कार्यालय में गोष्ठी कर उन्हे निर्देशित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बाजारों में भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिक्रमण की वहज से यातायात प्रभावत हो रहा है। उन स्थानों पर नगर निगम एवं जिला प्रशासन के साथ मिलकर संयुक्त रुप से कार्रवाई की जाए। गोष्ठी में पर्यटन सीजन के दृष्टिगत यातायात सुचारू रूप से चलाने हेतु एंटी न्यूसेंस कोर्ट का गठन किया गया। जिसमें इंटरसेप्टर, हाईवे पेट्रोल, जम्बो, हॉक, चीता बाइक, यातायात मोबाइल व थाने का पुलिस बल तथा नगर निगम का अतिक्रमण निवारण दस्ता शामिल रहेगा। इन्टरसेप्टर के प्रभारी निरीक्षक यातायात राकेश महरा, वाहन जम्बो में उपनिरीक्षक जगत सिंह, हॉक में उनि जगत सिंह,चीता मे उनि जगत सिंह, प्रभारी के साथ साथ सम्बन्धित थाना



चौकी की पुलिस टीम नियुक्त रहेगी। उन्होंने कहा गठित टीम प्रतिदिन किसी एक क्षेत्र में समय प्रातः 10 बजे से 11 बजे एवं शाम को पांच बजे से सात बजे तक अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करे। ठेला व रेहडी जो यातायात को बाधित करते हैं उन पर अतिक्रमण की धाराओं पर कार्यवाही तथा उनका सत्यापन, संदिग्धों को जेल भेजने की कार्रवाई करें। दुकानों के बाहर अवैध रूप से दुकान लगाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।बाहरी लोगों एवं बिना अनुमति के फड, ठेली लगाने वालों पर कार्रवाई की जाए। बिना अनुमति के किसी प्रकार की कोई फड, ठेली नहीं लगने दी जाएगी। इसके लिए पहली प्राथमिकता नैनीताल रोड कालाढूंगी रोड होगी।नो पार्किंग में खड़े पुलिस के वाहनोंके भी चालान होंगे।प्रतिदिन ड्रंकन ड्राईविंग, प्रेशर हार्न,हूटर, नम्बर प्लेट,काली फिल्म, इत्यादि एम0वी0 एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। आईजी के निर्देशों के पश्चात कल प्रथम दिन की कार्यवाही में सुबह 10 बजे से 11 बजे तक रोडवेज स्टेशन से लेकर मंगल पढ़ाव तक अतिक्रमण हटाया गया। शाम को पांच से सात बजे तक रोडवेज से डिग्री कॉलेज तक अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई। इस दौरान तीन के विरुद्ध 81 पुलिस एक्ट में चालान कर 750 रुपए तथा एक के विरुद्ध 83 पुलिस एक्ट में चालान कर न्यायालय प्रेषित किया गया। यातायात बाधित करने वालों के विरुद्ध 30 लोगों का चस्पा चालान किया गया।

# स्व.दीदार सिंह की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के श्री सिंह सभा गुरुद्वारे में स्व0 सरदार दीदार सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर एवं अटूट लंगर का आयोजन किया गया। वार्ड नं 5 के





सभासद परमजीत सिंह पम्मा द्वारा आयोजित किये गए रक्तदान शिविर का शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा एवं पूर्व प्रधान श्री मति हरबंस कौर ने फीता काटकर किया।रक्तदान शिविर में रुद्रपुर चेरिटेबल ब्लड बैंक की टीम द्वारा रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर की सम्पूर्ण जिम्मेदारी को रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ विप्रजीत विश्वास एवं उनकी पूरी टीम द्वारा बखूबी निभाया गया। शिविर के दौरान में नगर के समाजसेवी, राजनीतिक, एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े सैकड़ो गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी सहभागिता निभाते हुए स्व0 सरदार दीदार सिंह जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने स्वर्गीय दीदार सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा वार्ड नंबर 5 के सभासद परमजीत पम्मा द्वारा अपने पिता की पुण्यतिथि पर उनके निमित्त रक्तदान शिविर का आयोजन कर बहुत बड़े पुण्य का कार्य किया है रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते हुए उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है उन्होंने कहा स्वर्गीय दीदार सिंह क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवियों में से एक थे जिनकी समाज के प्रति हमेशा ही कुछ अच्छा करने की इच्छा रहती थी जिसको आज भी उनके पुत्र परमजीत सिंह पम्मा द्वारा उनके निमित्त रक्तदान शिविर लगाकर समाज में अपनी भागीदारी निभाई जा रही है। इस मौके पर कपिल अरोरा ,रविंद्र बजाज, जसवीर सिंह चीमा, अश्वनी कुमार ,कविंद्र सैनी ,संतोष गुप्ता ,दीपक बेहड़ , राहुल अनेजा, मनोज गुंबर ,पंकज सेतिया,राजेश गुंबर ,सुरेश खुराना , हरीश रहलन ,महेंद्र कालड़ा, मुनि भुसरी,जसवीर चीमा, राजेश कुमार, नवीन खेड़ा, मनोज गिरी,संजीव अरोरा, विकास तनेजा, संजीव झाम, निर्मल नारंग, राकेश कम्बोज, डॉ अनामी विश्वास, राजीव शर्मा, बलवंत सिंह, अरविंद पाल,डॉ विनीत अरोरा,विशु मक्कड़ टिप्सन नरूला, अशोक हुड़िया,हर्षपाल सिंह बन्टी, किशन सुधा, मुकेश पाल,अशोक छाबड़ा, रमन चौध री,किशन अनेजा,अशोक बत्रा,देवेंद्र सिंह बाबा,समन मुंजाल, अंकुश अनेजा, सतीश मिड्डा,ऋषभ कम्बोज सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए नगर निगम ने सिडकुल की परफेटी कंपनी, एवं सुधा संस्था से जुड़े लोगों के साथ वार्ड नं- 6 जगतपुरा एवं वार्ड 38 आवास विकास में अटरिया मोड़ से शिव शक्ति मंदिर होते हुए होली चौक आवास तक विषेश स्वच्छता अभियान चलाया। मेयर रामपाल ने कहा स्वच्छता सभी के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ नगर निगम की जिम्मेवारी नहीं बल्कि सभी का फर्ज है कि अपने शहर को साफ रखें। उन्होंने कहा कि लोग जिस तरह अपने घर और कार्यालय को साफ सुथरा रखते हैं उसकी तरह पूरे शहर को साफ रखने की सोच सभी के मन में होगी साथ जगह जगह गंदगी को भी साफ किया जायेगा। मेयर ने लोगों से पॉलीथीन का प्रयोग न करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि नाले नालियां चोक होने का सबसे बड़ा कारण यही है कि लोग प्रतिबंध के बाजवूद आज भी पॉलीथीन का उपयोग कर कर रहे हैं और पॉलीथीन को नालियों में फैंक देते हैं। जिसके चलते





इस दौरान मेयर रामपाल ने खुद भी फावड़ा और झाड़ू उठाकर सफाई की और लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया। शहर को स्वच्छ बनाने के साथ साथ स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाये गये स्वच्छता अभियान के दौरान मेयर सहित अन्य लोगों ने शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया और सड़कों पर फैली गंदगी को साफ किया साथ ही लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान तो पूरा शहर चमकता हुआ नजर आयेगा। उन्होंने कहा कि लोग इधर उध र सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ों फैंक देते हैं, ऐसी मानसिकता को आज छोड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शहर का हर व्यत्तिफ सफाई को लेकर जागरूक होगा तभी हम शहर को आदर्श शहर बना पायेंगे। मेयर ने कहा कि आगामी मानसून के मौसम को देखते हुए पूरे शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जाना है। नाले नालियों की सफाई के साथ नालियां चोक हो जाती हैं और पानी सड़कों पर फैलने लगता है जो पर्यावरण के साथ ही जनस्वास्थ्य के लिए भी घातक है। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त श्रीमती राजू नबियाल परफेटी सीएसआर प्रोजेक्ट मैनेजर मोनिका मोर प्रभाकर मिश्रा पार्षद प्रतिनिधि राजेश जग्गा आशीष मित्तल रोहित गुप्ता अशोक डबराल कुलदीप कुमार उदयवीर सिंह गौतम कुमार शुभम पाल सपन मंडल जगदीश कुमार आदि लोग मौजूद रहे ।

# चलो दर्शन को मेंहदीपुर चलिये,वहाँ रहते बालाजी महाराज हैं

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार जेसीज स्कूल से तीन पानी डाम रोड चंद्रा एनक्लेव में विजय भारद्वाज की ओर से सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधि वत रूप से ज्योतप्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज मंगलवार है महावीर का वार हैसच्चे मन से जो कोई गावे उसका बेड़ा पार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का परिवार द्वारा फूल मालायेंपहनाकर भव्य स्वागत किया गया। महंत जी ने याही में भागवत याही में गीता, जलती रहे घाटे वाले ज्योत तेरी जलती रहे, छोड़ सारीदुनिया मैं आया तेरे द्वारे, जो प्रेम से बोलेगा मेरे बाबा के जयकारे भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी परदूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त



किया । वही भजनों की श्रृंखला में अजय जायसवालने दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार, बिट्टू अरोरा ने तेरी भी बनेगी बात मेरी भी बनेगी, शिव कुमार ने श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, पवन खेड़ा ने चलो दर्शन को मेंहदीपुर चलिये, कृष्ण छाबड़ा ने बालाजी मेरे बालाजी मेरे, रोहन भटनागर ने भर दे रे श्याम झोली भरदे, संजीव कुमार ने लगन तुमसे लगा बैठे, सुनील कुमार ने ये प्रार्थना मेरी, महेंद्र बंसल ने ऐबालाजी घाटे वाले हम सब पर उपकार करो, विपुल कुमार ने मेरी आशा ना तोड़ो बालाजी, कालू मदान ने कुछ याद करो अपना पवनसुतवो बालपन में आदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्रीबालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरणकिया गया। इस अवसर पर खघ्रैत कुमार, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, खघ्रैत कुमार, शिव कुमार, लवी अरोरा, आयुष अरोरा, विशाल मदान, शंकर विश्वास, सौरभ अग्रवाल, अमन श्रीवास्तव, धर्मवीर चौधरी, अजय जायसवाल, पवन खेड़ा, लवी अरोरा, बिट्टू अरोरा, अंटू रस्तोगी, बबलू रस्तोगी, नीरज रस्तोगी, मनीष गोयल, प्रद्युमान, साहिल गाबा, साहिल हुड़िया, अमित श्रीवास्तव, सोनू कोली, अनिल कोली, विजय कोली, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्त मौजूद थे।

# मानस रॉय ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। शक्तिफार्म क्षेत्र के शिव मंदिर वार्ड नंबर एक निवासी पत्रकार मनोज रॉय के सुपुत्र मानस रॉय का संचार मंत्रालय के अंतर्गत डाक विभाग में पोस्ट- असिस्टेंट के पद पर चयनित होने पर परिवार व रिश्तेदारो में खुशी की लहर है। मानस रॉय ने अपनी माता मोहिनी रॉय और पिता मनोज रॉय के सपनो को अपनी कड़ी मेहनत से साकार किया। मानस रॉय बचपन से ही अपने पढ़ाई को लेकर गंभीर थे। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा क्षेत्र के ग्रीन वुड पब्लिक से प्राप्त



की। मानस रॉय की उपलब्धि को देखते हुए विद्यालय परिवार ने होनहार छात्र मानस रॉय को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मानस ने इस उपलब्धि पर माता पिता व अपने गुरुजनो को श्रेय दिया। विद्यालय द्वारा दिए गए सम्मान से पूर्व छात्र व उनके माता पिता भावुक हो पड़े। उन्होंने भी इसका श्रेय विद्यालय को दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक नवीन जोशी, ईश्वर दत्त कौशिक, मनोज रॉय, सभासद विक्रम सिंह, प्रधानाचार्य सदानंद बिश्वास, दीपक गुरुरानी, मनोज पंत, प्रकाश सिंह बोरा, बी. सी. पंत, प्रदीप कुमार, दीपा सामंत, मंजू बिस्वास आदि मौजूद थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# नदियों की सफाई

सरकार नदी किनारे स्थित चार हजार गांवों से निकलने वाले लगभग चौबीस सौ नालों को चिह्नित करके इनकी 'जियो टैगिंग' करेगी। नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए लंबे समय से चल रही तमाम योजनाओं और कार्यक्रमों के बावजूद यह अभियान अब तक कहां तक पहुंचा है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आज भी गंगा जैसी अहम नदी को स्वच्छ बनाने की कोई नई पहल करनी पड़ रही है। हालत यह है कि अलग-अलग मौके पर लागू दिशानिर्देशों के बावजूद कम से कम मलबा डालने पर भी रोक नहीं लगाई जा सकी है। अब एक बार फिर केंद्र सरकार ने गंगा नदी के किनारे मलबा डाले जाने या गावों का गंदा पानी नदी में गिराने से प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर संज्ञान लिया है। इसके तहत सरकार नदी किनारे स्थित चार हजार गांवों से निकलने वाले लगभग चौबीस सौ नालों को चिह्नित करके इनकी 'जियो टैगिंग' करेगी। सरकार इनसे ठोस कचरा प्रवाहित होने से रोकने के लिए एक उपकरण 'एरेस्टर स्क्रीन' लगाएगी। यह गंगा नदी में अलग-अलग वजहों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के अलावा किया जा रहा उपाय है। अब यह उम्मीद की जा सकती है कि इसके जरिए मानव-सभ्यता के लिए एक बेहद जरूरी नदी में फिर से जीवन भर सकेगा। हालांकि यह अपने आप में एक सवाल होना चाहिए गंगा नदी को स्वच्छ बनाने के लिए दशकों से लागू गंगा कार्ययोजना या नमामि गंगे जैसे महत्त्वाकांक्षी कार्यक्रम और अन्य नीतियों के बावजूद आज भी इतनी बड़ी तादाद में ठोस कचरा या अन्य तरह की गंदगी बहाने वाले नालों पर कैसे रोक नहीं लग सकी। गौरतलब है कि गंगा नदी पर अधिकार संपन्न कार्यबल यानी ईटीएफ की पिछले महीने हुई ग्यारहवीं बैठक में यह जानकारी भी सामने आई कि उत्तरकाशी में सुरंग के निर्माण के कारण इसके मलबे को गंगा नदी के किनारे डाल दिया गया। इससे नदी के जल में ठोस कचरा का स्तर बढ़ गया। इससे जलमल शोधन संयंत्रों में गंदे पानी का शोध न करने में समस्याएं आ रही हैं। हैरानी की बात यह है कि करीब साढ़े तीन दशक से गंगा कार्ययोजना सहित अन्य तमाम कार्यक्रमों जैसे अभियानों के बीच क्या गंगा को प्रदूषित करने वाला यह कोई नया कारक खोजा गया है? अगर नहीं, तो इस समस्या को चिह्नित करने में इतना लंबा वक्त कैसे लग गया? यह समझना मुश्किल नहीं है कि समस्या शायद योजनाओं या कार्यक्रमों नहीं होगी, उनके अमल में बरती गई लापरवाही या फिर गड़बड़ियों की वजह से किसी बड़ी और बेहद महत्त्वपूर्ण पहलकदमी का भी हासिल शून्य हो जा सकता है। सरकार की ओर से घोषणाएं करने में शायद ही कभी कमी की जाती है, मगर उन पर अमल को लेकर कहां चूक या लापरवाही बरती जा रही है, इस पर गौर करना कभी जरूरी नहीं समझा जाता। लगभग तीन साल पहले यह खबर आई थी कि सरकार 2022 तक गंगा नदी में गंदे नालों के पानी को गिरने से पूरी तरह रोक देगी और इस मसले पर एक मिशन की तरह काम चल रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि इसके एक साल बाद चौबीस सौ से ज्यादा नाले चिह्नित किए गए हैं, जिनकी गंदगी और कचरे से गंगा का जीवन धीरे-धीरे छीज रहा है। यह स्थिति बताती है कि इस नदी के निर्मलीकरण के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं की उपलब्धि वास्तव में कितनी है। नीतियों और योजनाओं के बरक्स उन पर अमल की यह तस्वीर राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी को भी दर्शाती है। अन्यथा क्या कारण है कि नदियों के प्रदूषण को दूर करने के क्रम में सबसे ज्यादा जोर गंगा को स्वच्छ बनाने पर ही दिया गया, मगर इसका हासिल आज भी संतोषजनक नहीं है।

# सीएम धामी ने गोवा के पर्यटन मंत्री के साथ किया एमओयू

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी तथा गोवा के पर्यटन मंत्री श्री रोहन खौंटे की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किये गये। मुख्यमंत्री श्री धामी ने इस अवसर को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह पहल अन्य राज्यों को भी प्रेरित करेगी। गोवा से देहरादून की पहली डायरेक्ट उड़ान को इतिहास के पन्नों में दर्ज करा दिया इस सीधी उड़ान सेवा का लाभ दोनों राज्यों के नागरिक भी उठा सकेंगे। उन्होंने



कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने डेवलपिंग टूरिज्म इन मिशन मोड की बात कही थी आज का यह एमओयू दोनों राज्यों के लिए इस दिशा में एक और कदम होगा। गोवा तथा देहरादून के बीच यह सीधी उड़ान दोनों राज्यों के लोगों को यात्रा के लिए प्रेरित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से पूरा उत्तराखण्ड ही एक डेस्टिनेशन है। पर्यटन के साथ एडवेंचर टूरिज्म व अन्य पर्यटन गतिविधियों में भी अनेक संभावनाएं हैं। पर्यटन की दृष्टि से विभिन्न क्षेत्रों को विकसित करने की दिशा में भी ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर अध्यक्ष होटल एसोशिएशन श्री सुनील साहनी के सथ गोवा एवं उत्तराखण्ड के विभिन्न पर्यटन व्यवसायी एवं उद्यमी मौजूद थे।

# जीएसटी से राजस्व प्राप्तियां बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए : सीएम

देहरादून(उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में राजस्व प्राप्ति के सम्बंध में बैठक लेते हुए कहा की विभागों को राजस्व प्राप्तियों के लिए प्रत्येक माह का जो लक्ष्य मिला है, सभी विभाग उस लक्ष्य को हासिल करें तभी राजस्व प्राप्ति का वार्षिक लक्ष्य हासिल कर पाएंगे। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि राजस्व लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विभागों को ऑनलाइन सिस्टम पर और अधिक कार्य करने की जरूरत है। जीएसटी से राजस्व प्राप्तियां और बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए लोगों को बिल लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किये जाएं। विभागों को इसके लिए आध



ुनिक तकनीक के माध्यम से पारदर्शिता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राजस्व वृद्धि के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र मे यूपीसीएल एवं यूजेवीएनएस को राजस्व बढ़ाने की जरूरत है। बिजली चोरी को रोकने के लिए कारगर प्रयासों की जरूरत है। इसके लिए सूचना आध ारित प्रणाली और विकसित करने पर ध्यान दिया जाए व राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति की समीक्षा हर माह की जाए। बैठक में कैबिनेट मंत्री श्री प्रेमचंद अग्रवाल अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक श्री अनूप मलिक, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, श्री दिलीप जावलकर, श्री अरविन्द सिंह ह्यांकी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मंडलायुक्त ने सुनी फरियादियों की समस्या

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। विगत जनता दरबार में बहुतायत संख्या में फरियादियों की सुनवाई नही हो पाने के कारण लम्बित फरियादियों की मंगलवार को मण्डलायुक्त श्री दीपक रावत ने शनिवार को जनसुनवाई कर समस्याओं का समाधान कर निस्तारण किया। आयुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में मण्डल में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण शीघ्र हटाया जायेगा, साथ ही आयुक्त ने बाहरी व्यक्तियों और किरायेदारों का नियमित सत्यापन करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिये। आयुक्त ने कहा कि निजी अमीनों का लाईसेंस निरस्त होने के बावजूद कुछ लोगों द्वारा भूमि का सर्वे निजी अमीनों द्वारा किया जा रहा है। निजी अमीनों द्वारा



भूमि का गलत खेत नम्बर चढाये जा रहे है जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अपनी भूमि का सर्वे राजस्व निरीक्षक के द्वारा ही करायें जिससे भविष्य में भूमि धोखाध डी से बचा जा सके। जनता दरबार में जनपद बागेश्वर से आये ग्रामीणों द्वारा आयुक्त को बताया कि विजयपुर-भाटगाड-रनकाण्डे से पैसिया मोटर मार्ग जो 483.40 लाख की लागत से 6.5 किमी बनना था जबकि मार्ग 4.5 किमी ही बना। ग्रामीणों ने कहा कि लगभग 4 गांवों तक सडक नही पहुच पाई है। जिस पर आयुक्त ने लोनिवि अधीक्षण अभियंता बागेश्वर से दूरभाष पर वार्ता की गई। उन्होंने बताया कि बाकी मार्ग का प्रस्ताव शासन को भेज दिया है जल्द ही मार्ग का निर्माण किया जायेगा। जनता दरबार में भूमि सम्बन्धी विवाद के साथ ही घरेलू विवाद भी काफी संख्या में आये। जिनका आयुक्त ने अधिकांश समस्याओं का समाधान मौके पर किया।

# भारत विकास परिषद ने आयोजित किया बाल संस्कार शिविर

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद रुद्रपुर शाखा द्वारा तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर श्री तिलक राज कपूर बालिका विद्यालय जगतपुरा में दिनांक 19 मई से प्रारंभ हुआ। शिविर का शुभारम्भ उत्तराखंड प्रान्त के सह प्रान्त प्रचारक श्रीमान चन्द्रशेखर, शाखा अध्यक्ष श्री विष्णु कुमार सक्सेना, राष्ट्र सेविका समिति की विभाग कार्यवाह श्रीमती कमलेश बिष्ट, प्रान्तीय प्रकल्प संयोजिका श्रीमती पारुल गुप्ता ,शाखा महिला संयोजिका श्रीमती गुंजन खेड़ा एवं श्री राजकुमार बिंदल के द्वारा संयुक्त रूप से भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। शिविर का आयोजन मुख्य रूप से शाखा की मातृशक्ति (महिला सदस्यों) द्वारा महिला संयोजिका श्रीमती गुंजन खेड़ा एवं सह महिला संयोजिका श्रीमती काजल सिंघल के नेतृत्व में वरिष्ठ एवं अनुभवी सदस्याओं के दिशा निर्देशन में किया जा रहा है। शिविर में मुख्य रूप से योगासन, ध्यान, हस्तशिल्प,कला, श्लोक, भजन-देशभक्ति गीत प्रतियोगिता, भारतीय संस्कृति -समसामयिक तथ्य आदि



विषयों पर कार्य किया गया। शिविर के आयोजन में अन्य वरिष्ठ एवं अनुभवी सदस्याओं श्रीमती सुनीता खेड़ा, श्रीमती रेखा अरोरा, श्रीमती अन्नपूर्णा गुप्ता, श्रीमती पूनम गुप्ता, श्रीमती सीमा बिंदल, श्रीमती स्नेह मिड्ढा, श्रीमती सीमा गाबा के साथ श्रीमती सानिया गम्भीर, श्रीमती पूनम पुंशी, श्रीमती दिव्या अरोरा, श्रीमती सनमीत, श्रीमती नीतू अग्रवाल, श्रीमती शेफाली तनेजा, श्रीमती ईशा नारंग, श्रीमती देबना अग्निहोत्री, श्रीमती गीतिका मिगलानी एवं नवगठित वीर सावरकर शाखा से श्रीमती श्रेया मिड्ढा, श्रीमती अनुभा गुप्ता ने बच्चों का विभिन्न क्रियाकलापों में सक्रिय सहयोग किया। शिविर के द्वितीय दिवस 20 मई को योग शिक्षक श्री तरुण ने योगासन अभ्यास के साथ-साथ उसके लाभ एवं उपयोग बताये तथा क्लैप योगा कराया । उपस्थित महिला सदस्यों ने बच्चों को अनुपयोगी पेपर बैग / नारियल खोल से लैम्प बनाना, अनुपयोगी बोतल से सुन्दर गुलदस्ता बनाना सिखाया। द्वितीय दिवस में प्रथम दिवस के सदस्यों के साथ ही श्रीमती सिम्मी साहनी, श्रीमती वर्तिका जिंदल, श्रीमती दीपिका मित्तल, श्रीमती नेहा बांगा, श्रीमती निशा अरोरा, श्रीमती प्रेरणा, श्रीमती सुनीति गोयल की उत्साहवर्धक एवं सक्रिय उपस्थिति रही । तृतीय दिवस 22 मई को श्लोक तथा नृत्य प्रतियोगिता आयोजित हुई। बच्चों ने पहले दो दिन की संस्कारशाला में जो हस्तशिल्प एवं कलाकृतियां निर्मित की थी,उनकी प्रदर्शिनी लगाई गई। अन्त में सभी प्रतियोगिताओं में से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को सभी सम्मानित शाखा सदस्यों द्वारा पुरस्कृत किया गया और साथ ही अन्य सभी प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार वितरण किया। आज घ्तृतीय दिवस में पहले दो दिन उपस्थित सदस्यों के साथ ही श्रीमती रीना चौधरी, श्रीमती श्रुति सक्सेना, श्रीमती सपना खानिजो, श्रीमती नैन्सी बंसल, श्रीमती सुनीति गोयल, श्रीमती मोनिका मालू, श्रीमती श्वेता माहेश्वरी, श्रीमती पूनम बत्रा, श्रीमती दीप्ति सलूजा एवं श्रीमती मनदीप कौर ने बच्चों के साथ विभिन्न क्रियाकलापों में सक्रिय प्रतिभाग किया। तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर का समापन करते हुए शाखा अध्यक्ष विष्णु कुमार सक्सेना ने शाखा कोषाध्यक्ष केवल कृष्ण ईशपुजानी एवं राजकुमार बिंदल को शिविर के तीनों दिवस में बच्चों के कार्यक्रम सम्बन्धी समस्त सामग्री की आपूर्ति हेतु विशेष धन्यवाद दिया। उन्होंने सभी 140 बच्चों की प्रतिभागिता पर आशीर्वाद दिया एवं उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सभी सम्मानित सदस्यों को उत्साहवर्धक कार्यक्रम आयोजित किए जाने हेतु हार्दिक शुभकामनाएं एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ का भी सहयोग हेतु हार्दिक आभार ज्ञापित किया।

# पुलिस ने बनभूलपुरा में निकाला फ्लैग मार्च

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। घर में घुसकर परिजनों पर किये गये जानलेवा हमले व नगदी तथा जेवर लूट कर जान से मारने की धमकी देते हुए भागने के मामले में क्षेत्र में तनाव की स्थिति को देखते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने आज बनभूलपुरा में फ्लैग मार्च निकाला। इधर विहिप व बजरंग दल के कई लोग स्थानीय लोगों को साथ लेकर सीओ भूपेन्द्र सिंह धौनी से मिले। पीड़ित परिजनों का कहना था कि उन्हें अभी भी जान का खतरा बना हुआ है वहीं कुछ पार्षद उन पर समझौता करने का दबाव बना रहे हैं। उनका कहना है कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाये। सीओ ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि पुलिस मामले की निष्पक्ष जांच कर रही है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा। मिलने वालों में सुधीर अग्रवाल, उमेश केसरवानी, रामचंद्र केसरवानी, लाल चंद केसरवानी, सुरेश केसरवानी, सुनील केसरवानी, रोहित केसरवानी, राहुल केसरवानी, भोलानाथ केसरवानी, मुकेश केसरवानी, राम लखन केसरवानी, बजरंग दल के संगठन मंत्री उमाकांत उपाध्याय व अध्यक्ष जोगेंद्र राणा आदि शामिल थे।



# दूसरे छात्र के बदले परीक्षा देते युवक को पकड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स. भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सचल दल ने दूसरे छात्र के स्थान पर परीक्षा देते एक युवक को मौके पर पकड़ कर उसे पुलिस के हवाले कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया। महाविद्यालय मेंवर्तमान में कुमाऊँ विश्वविद्यालय की परीक्षा संचालित की जा रही है। 23 मई को द्वितीय पाली में छात्र ललित सिंह गड़िया पुत्र गोपाल सिंह गड़िया, कक्षा बीए द्वितीय वर्ष, राजनीति विज्ञान द्वितीय प्रश्न पत्र के स्थान पर कमल सिंह सामन्त पुत्र नीलाप सिंह सामन्त मूल निवासी चम्पावत हाल निवासी स्पोट्स हॉस्टल स्टेडियम रूद्रपुर द्वारा परीक्षा दी जा रही थी। आंतरिक सचल दल प्रभारी डा. मनोज तिवारी के नेतृत्व में सचल दल ने संदेह होने पर उससे कड़ाई से पूछताछ की। तब मामला उजागर हुआ। पुलिस ने दोनों छात्रों के विरूद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भाजपा जिला कार्य समिति में महासम्पर्क अभियान की बनाई रूपरेखा

## बूथ स्तर पर घर घर जन सम्पर्क के साथ ही बड़ी रैलियां भी होंगी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा जिला कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी की एक दिवसीय जिला कार्यसमिति का आयोजन हुआ। कार्यसमिति की शुरूआत दीप प्रज्वलित एव वन्दे मातरम से हुई। बैठक में स्वागत भाषण भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने किया उन्होंने कहा आज यह एक दिवसीय कार्यसमिति कई मायनों में महत्वपूर्ण है और पार्टी ने लोकसभा चुनाव का बिगुल बजा दिया है जिसमे अलगे एक माह तक लगातार कार्यक्रम चलने वाले हैं। कार्यसमिति में मुख्य वक्ता के रूप में मार्गदर्शन प्रदेश प्रकोष्ठ प्रभारी व संगठन की दृष्टि से इस उधम सिंह नगर जिले के प्रभारी पुष्कर सिंह काला का प्राप्त हुआ। पुष्कर काला ने बताया हाल ही में प्रदेश स्तर पर कार्यसमिति सम्पन्न हुई है और आज सभी जिलों में एक साथ इस जिले की कार्यसमिति का आयोजन हो रहा है और जिले के बाद आगामी 26 से 27 मई तक मण्डल स्तर की कार्यसमिति का आयोजन होगा एवं 28 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन हर बूथ पर होना है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है जिसमे लगातार पार्टी संगठन को मजबूत करने की दृष्टि से अनवरत कार्यक्रम चलते रहते हैं। केंद्र की मोदी सरकार अपने 9 साल का कार्यकाल आगामी 30 मई को पूरे करने जा रही है जिसके लिये भारतीय जनता पार्टी ने बड़े स्तर पर कार्यक्रम जनसंपर्क सम्मेलन के माध्यम से जनता के बीच मे जाने की तैयारी कर रही है या कहे कि लोकसभा चुनाव की तैयारियों से जोड़ते हुए देखा जा रहा है जिसके लिये भाजपा ने अपनी कमर कस ली है। काला ने बताया 30 मई से 30 जून तक भाजपा महासम्पर्क अभियान चलाने वाली है जिसमे अनेको कार्यक्रम होने हैं लोकसभा स्तर पर 1 से 10 जून के बीच प्रेसवार्ता कर सरकार की उपलब्धि गिनाना, सोशल मीडिया इंफ्लूएसर मीट लोकसभा स्तर पर आयोजन , लोकसभा में दो विशाल जनसभा का आयोजन जिसमे राष्ट्र से केंद्रीय मंत्री रहने की उम्मीद है और 75 विशिष्ट परिवारों से जनसंपर्क 1 से 20 जून तक चलेगा विधानसभा स्तर पर , वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन यह भी विधानसभा स्तर पर 5 से 10 जून तक होगा साथ ही व्यापारी सम्मेलन यह लोकसभा स्तर पर आयोजित किया जाना है जिसकी तिथि 6 से 10 जून रखी गयी है, विकास तीर्थ कार्यक्रम लोकसभा स्तर पर 10 से 20 जून तक, सयुक्त मोर्चा सम्मेलन विधानसभा स्तर पर 10 से 15 जून तक, लाभार्थी सम्मेलन 15 से 20 जून के बीच विधानसभा स्तर पर, योग दिवस विधानसभा स्तर पर 21 जून को , डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस बूथ स्तर पर 23 जून, मन की बात कार्यक्रम बूथ स्तर पर 25 जून, आपातकाल दिवस पर प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन जिला स्तर पर ओर सबसे महत्वपूर्ण घर-घर सम्पर्क अभियान कार्यक्रम बूथ स्तर पर होगा जिसमें हर क्षेत्र में सम्पर्क कर केंद्र सरकार की 9 साल पूरे होने पर उनको उपलब्धियों से अवगत कराना जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम होने हैं। पुष्कर काला ने बताया महासम्पर्क अभियान के लिये जिले की टीम में इसके सयोंजक हिमांशु बिष्ट, सह सयोंजक राजेश तिवारी, सदस्य मयंक कक्कड़, हरीश खनवानी, गोपाल बोरा, राजेन्द्र श्रीधर, विकास कुकरेजा को बनाया है। मण्डल स्तर पर महासम्पर्क अभियान में खटीमा नगर से सयोंजक संजय पिलखवाल , सह संयोजक अनुपम शर्मा, नोसर मण्डल से मोहन ,सुरेंद्र प्रसाद, चकरपुर मण्डल से कमलदीप राणा, कुन्डल मंडेला , झनकट से महेश राणा , प्रकाश शर्मा, नानकमत्ता से तरुण राणा , विकास गुलाटी, सितारगंज अमित रस्तोगी, ललित सक्सेना, शक्तिफार्म शंकर मण्डल, अमल मण्डल, बरा से राम सिंह,धर्मेंद्र कुमार, शशिकांत, कुशल कोरंगा,किच्छा नगर से गोल्डी गोराया, नीतीश बाला, किच्छा ग्रामीण से सुशील यादव, मन्नू पाल, रुद्रपुर दक्षिणी से सुनील ठुकराल, सुरेश शर्मा,उत्तरी से राजेश जग्गा,मनोज मदान, ग्रामीण क्षेत्र से सुदर्शन विश्वास, सुब्रत बाछाड को महासम्पर्क अभियान का सयोंजक सह सयोजक पूरे जिले में इस प्रकार रचना बनाई गई हैं। पुष्कर काला ने कहा हमारा लक्ष्य है सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धि को जन जन तक लेकर जाना और संगठन की सक्रियता को बूथ स्तर तक सुनिश्चित करना देश भर में करोड़ो लोगो से सम्पर्क , मिस कॉल अभियान से जोड़ना जैसे अनेको कार्यक्रम शामिल हैं। वही कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री व जिला सह प्रभारी गुरविंदर चंडोक ने भी अपनी बात रखी। कार्यमिति का समापन राष्ट्रीयगान गीत के साथ हुआ और समापन भाषण जिला अध्यक्ष कमल जिंदल द्वारा दिया गया और उनके शीर्ष नेतृत्व को विश्वास दिलाया कि आने वाले सभी कार्यक्रम सफल और ऐतिहासिक होने । वही कार्यसमिति का सफल संचालन जिले के महामंत्री अमित नारंग द्वारा किया गया। इस दौरान, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, मेयर रामपाल, विवेक सक्सेना, महामंत्री सतीश गोयल, अमित नारंग, नेत्रपाल मौर्य, उपेंद्र चौधरी, मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीकांत राठौर, धीरेंद्र मिश्रा, जुल्फिकार अली, शशांक बिष्ट, विमला मन्डोला, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु बिष्ट, राकेश सिंह, राजेश तिवारी, इंद्रपाल मान, शालनी बोरा, कोषाध्यक्ष विनय बत्रा, मंत्री ओम नारयण, दिग्विजय खाती, मीडिया प्रभारी मयंक कक्कड़, गजेंद्र प्रजापति, विकास कुकरेजा, धर्मेंद्र आर्य, मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह कोली, हरीश भट्ट, मनमोहन सक्सेना, अक्षय अरोरा , अनिल यादव, अनिल मिश्रा, आदेश चौहान, जीवन धामी, विमला बिष्ट, बिट्टू चौहान, सुनील यादव, विकास सागर, स्वाति शर्मा, मोहन तिवारी, आयुष तनेजा, भुवन जोशी, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।






# वार्ड 10 में मोहन तरफदार बने कांग्रेस अध्यक्ष

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के वार्ड 10 ठाकुरनगर राजा कालोनी में आयोजित सभा में जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा और महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने आगामी निकाय चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ मंथन किया और तैयारी में जुटने का आहवान किया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने सभी की सहमति से वार्ड अध्यक्ष पद के लिए मनोज तरफदार के नाम की घोषणा की। नुक्कड़ सभा में पहुंचने पर जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा और वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल भसीन, कांग्रेस नेता दिलीप अधिकारी का कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। दिलीप अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सभा में सभी से राय लेने के बाद खगोपति विश्वास को वार्ड अध्यक्ष घोषित करते हुए उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने नये वार्ड अध्यक्ष मोहन तरफदार की अगुवाई में वार्ड में कांग्रेस मजबूत होगी और आगामी निकाय चुनाव में इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह समय आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होने का है। हमें मिलकर जनता की आवाज उठानी होगी। उन्होंने कहा कि आज चारों तरफ भाजपा की दमनकारी नीतियों से हाहाकार मचा हुआ है। गरीबों को उजाड़कर उनके आशियाने छीने जा रहे हैं। ऐसे समय में जो भी कांग्रेस का नेता या कार्यकर्ता घर में बैठा है तो वह निश्चित रूप से जनता के साथ अन्याय कर रहा है। हमें घर से बाहर निकालकर जनता की लड़ाई मजबूती से लड़नी होगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी मोहब्बत का पैगाम दे रहे हैं उसी तरह कार्यकर्ताओं को भी आपसी मनमुटाव भुलाकर एकजुट होने की आवश्यकता है। जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि आज भाजपा देश में वोट की खातिर लोगों को जाति धर्म के नाम पर लड़ाने का काम कर रही है। भाजपा की इस मानसिकता को लोग पहचान चुके हैं और उसे सबक सिखाने के लिए तैयार बैठे है। आज लोग कांग्रेस की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहे हैं। नगर निगम में भ्रष्टाचार सबके सामने हैं। गरीबों की बस्तियों में भाजपा के लोग चुनाव के समय ही नजर आते हैं। ऐसे लोगों को आगामी निकाय चुनाव में सबक सिखाकर मेयर और पार्षद कांग्रेस का चुनना है। पूर्व सभासद एवं कांग्रेस नेता दिलीप अधिकारी ने कहा कि मेयर और नगर निगम प्रशासन भ्रष्टाचार में आकंठ डूब चुके है। गरीबों की बस्तियों में लगने वाले पैसे को बिल्डरों की कालोनियों में लगाया जा रहा है। इसके चलते आज आम आदमी को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। भाजपा की नीतियां गरीबों का दमन कर रही हैं। जनता को सोच समझकर आगामी निकाय चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करना होगा। सभा को कांग्रेस नेता गोपाल भसीन, कांग्रेस नेत्री उमा सरकार, अर्जुन विश्वास, सतीश कुमार आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर आशा राम गंगवार, रोबन विश्वास, हिमानी, रविकांत, लक्ष्मी अधिकारी, उमा,अंजलि, दिवेश, एमपी मौर्या, जगदीश, दीपू मण्डल, गणेश, विजय पाल मौर्या, अशोक आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।



## पेज एक का शेष...

**गरीबों को हटाने ...**वापस लेने की मांग की। इस दौरान वक्ताओं ने कार्यालय में विधायक की मौजूदगी ना होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की उन्होंने कहा कि एक ना एक दिन विधायक को जनता के बीच आकर जवाब देना पड़ेगा और जब तक सरकार अपना आदेश वापस नहीं लेती तब तक आंदोलन जारी रहेगा।वहीं पीड़ित परिवारों के समर्थन में कांग्रेस द्वारा आयोजित हल्ला बोल कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य भी रामनगर पहुंचे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का पीड़ित ग्रामीणों ने विशाल रैली निकालकर वन परिसर पहुंचते हुए हंगामेदार सभा की सभा में बोलते हुए पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने कहा कि सरकार आज गरीबों को उजाड़ने की बात कर रही है लेकिन पुनर्वास और मुआवजे को लेकर सरकार के पास कोई नीति नहीं है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि गरीबों को उजाडा गया तो इसके गंभीर परिणाम सरकार को भुगतने पड़ेंगे । नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भी सरकार के इस फैसले का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि सरकार का निर्णय पूरी तरह गलत है उन्होंने कहा कि आज सरकार ने प्रदेश में डर एवं भय माहौल बना दिया है जोकि प्रदेश की जनता के हित में उचित नहीं है उन्होंने सरकार से अपने इस फैसले को वापस लेने की मांग की है।

**अंधड़ ने मचायी...**लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। **हल्द्वानी**-गत रात्रि आए अंधड़ और तूफानी बारिश के दौरान रामपुर रोड पर अमर उजाला के सामने एक विशालकाय पेड़ सड़क पर जाती कार के ऊपर जा गिरा। जिससे कार पूरी तरह चकनाचूर हो कर पिचक गई। इस हादसे में कार चालक नैनीताल हाईकोर्ट के अधिवक्ता तनुज सेमवाल की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पौड़ी निवासी हाईकोर्ट के अधिवक्ता तथा नैनीताल हाईकोर्ट बार काउंसिल कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य तनुज सेमवाल गत रात्रि अपनी कर संख्या यूके 07 डीपी 7923 में हल्द्वानी से रूद्रपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तेज अंधड़ शुरू हो गया। मार्ग में उन्होंने देवलचौड़ में आइसक्रीम खरीदी। अंधड़ की परवाह न करते हुए वह रवाना हो गए। अधिवक्ता तनुज अभी अमर उजाला के सामने ही पहुंच पाए थे कि मुख्य मार्ग के किनारे स्थित एक विशालकाय पेड़ तेज अंधड़ के चलते उनकी कार के ऊपर आ गिरा। जिससे तनुज कार में ही दब गए। उन्हें बाहर निकलने का भी मौका नहीं मिला। घटना से मुख्य मार्ग का यातायात पूरी तरह से ठप्प हो गया। घटनास्थल पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगने से जाम लग गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने कटर की मदद से कार के कई हिस्सों को काटकर शव को कार से बाहर निकला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी। तनुज सेमवाल नैनीताल हाईकोर्ट बार काउंसिल कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य थे तनुज पौड़ी के रहने वाले थे और उनकी बेटी रुद्रपुर में रहती है। परिवार नैनीताल के नैनागांव में रहता है। बताया जा रहा है संभवत: अपनी बेटी से मिलने के लिए रुद्रपुर जा रहे थे।

**रूद्रपुर की बेटी...**को पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी और हर कदम पर बेटी का साथ दिया। गरिमा के मामा यूपी में एक पीसीएस अधिकारी हैं। वर्ष 2017 में उत्तरांचल दर्पण से इंटरव्यू के दौरान गरिमा ने कहा था कि वह अपने मामा से प्रेरणा लेकर ही सिविल सेवा में जाना चाहती हैं। मामा ने गरिमा को सफलता के इस मुकाम तक पहुंचाने में पूरा मार्गदर्शन किया। गरिमा 2021 में हिंदू कालेज से बीए करने के बाद 2021 से यूपीएससी की तैयारी में जुट गयी थी। गरिमा ने अपनी पढ़ाई घर में रहकर ही पूरी की। इस दौरान आनलाइन जीएस की कोचिंग की। उन्होंने अपनी सफलता से यह भी साबित कर दिया कि सिविल सेवा में सफलता का पैमाना सिर्फ महंगी कोचिंग नहीं बल्कि अपनी मेहनत और सही ढंग से तैयारी करने से भी यह मुकाम हासिल किया जा सकता है। इस होनहार बेटी की सफलता पर आज पूरे परिवार में खुशी का माहौल हैं तो वहीं शहर वासियों को भी गरिमा पर गर्व है।

**प्रसिद्ध गिरिजा मंदिर...**विभाग समेत कई विभाग अतिक्रमण चिन्हित करने में जुटे हुए हैं। इसी के तहत लाखों श्रद्धालुओं की आस्था केन्द्र प्राचीन गिरिजा देवी मंदिर को भी अतिक्रमण मानते हुए वहां वन विभाग ने नोटिस चस्पा कर दिया है। जिससे श्रद्धालुओं और मंदिर के पास प्रसाद की दुकानें लगाने वाले व्यवसायियों में भारी रोष व्याप्त हैं। विरोध स्वरूप आज दो सौ से अधिक दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद रखकर सरकार के फैसले पर आक्रोश जाहिर किया। मंदिर के पुजारी दिनेश चंद्र शास्त्री ने बताया कि गिरिजा देवी मंदिर काफी पुराना व प्राचीन है तथा इसका वर्णन ग्रंथों में भी किया गया है। उन्होंने सरकार और विभाग की कार्रवाई के खिलाफ रोष व्यक्त किया। वही प्रसाद विक्रेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि वह मंदिर परिसर में प्रसाद बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है लेकिन सरकार उन्हें आज बेरोजगार करने पर तुली हुई है जिसे सहन नहीं किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री धामी से मिले...**बड़े फिल्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न योजनाओं पर कार्य कर रही है। राज्य सरकार द्वारा फिल्मांकन के लिए फिल्मकारों को अनेक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उत्तराखंड की सुंदर वादियों में कई फिल्में शूट की जा चुकी हैं और आने वाले समय में उत्तराखंड और विकसित होगा। अक्षय कुमार से मुलाकात के बाद सीएम धामी ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि आज मुख्यमंत्री आवास पर प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार ने भेंट की। इस अवसर पर उनसे उत्तराखण्ड को फिल्म इंडस्ट्री हब के रूप में विकसित किए जाने हेतु सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की। इससे पहले मंगलवार को अक्षयकुमार ने केदारनाथ धाम में बाबा केदार के दर्शन किये। अक्षय कुमार ने केदारनाथ धाम में किए जा रहे पुनर्निर्माण कार्यों की प्रशंसा की। अक्षय कुमार ने केदारनाथ धाम में तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा की गई व्यवस्था की सराहना की। अभिनेता अक्षय कुमार ने मुख्यमंत्री धामी के साथ मुख्यमंत्री आवास परिसर का भ्रमण भी किया।

**लाखों का माल लेकर...**अभियुक्त उत्तम कुमार द्वारा पूर्व में भी गैंग बनाकर आपराधिक घटनाओ को अंजाम दिया है। वह रामपुर जिले से बैंक डकैती के मामले में जेल जा चुका है और उसके विरुद्ध गैंगस्टर कोर्ट रामपुर मे भी मामला विचाराधीन होना संज्ञान में आया है। अभियोग में अन्य वांछित आरोपी दिनेश सिंह की तलाश जारी है। पुलिस टीम में उनि पंकज कुमार चौकी प्रभारी सिडकुल, कानि. कृपाल सिंह, प्रकाश भट्ट व पंकज पोखरीयाल शामिल थे। एसपी मनोज कत्याल ने कहा कि इस दौरान उन्होंने बताया कि बाहरी लोगों का सत्यापन कराने को बड़ा अभियान चलाया जाएगा। सत्यापन न कराने वाले पर सख्ती से कार्रवाई होगी। इस मौके पर सीओ पंतनगर तपेश कुमार चंद, पंतनगर इंस्पेक्टर राजेन्द्र डांगी मौजूद थे

**रूद्रपुर में खुला...**की कई सहयोगी संस्थायें हैं जिनमें अपराध नियंत्रण में एसटीएफ का विशेष सहयोग रहता है। उन्होंने बताया बेहतर सुविधायें मिलने से अधिकारी व कर्मचारी और अधिक मामलों का खुलासा करेंगे। उन्होंने कहा कि जब से आयुष अग्रवाल ने एसएसपी एसटीएफ का कार्यभार संभाला है कई बड़े मामलों का खुलासा हुआ है। इस दौरान एसपी क्राईम चन्द्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ पंतनगर तपेश कुमार, एसटीएफ सीओ सुमित पाण्डे, ईंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह डांगी, एमपी सिंह, साईबर कार्यालय प्रभारी ललित मोहन जोशी, एसआई वंदना चौधरी, केजी मठपाल व विपिन पंत सहित कई अधिकारी व पुलिस कर्मी मौजूद थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


CONSTRUCTING HAPPINESS
GABA HOUSING
PVT. LTD.
RERA
APPROVED
PROJECT
UKREP05230000497
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
125 YARD
DUPLEX VILLA
₹ 46 L
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
घर आपका...
COLOUR
आपकी पसंद का
घर आपका...
TILES
आपकी पसंद की
FREE
साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर,
86504-18000